रजिस्ट्री संख्या डी एल—33001/93

REGISTERED NO. DL—33001/93

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 11] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 13, 1993 (फाल्गुन 22, 1914)
No. 11] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 13, 1993 (PHALGUNA 22, 1914

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	299
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	289
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	3
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	385
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1—क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों जिनमें (सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	241
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	179
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	10553
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	37
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं।

CONTENTS

PAGE

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 299

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court. 289

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence. 3

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 385

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations . . . . *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) . *

PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . . . . . *

PART II—SECTION—4 Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . . *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India 241

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs 179

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners. . . . . *

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 10553

PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private bodies. 37

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi. *

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 9-प्रेज०/93—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री देव राज,
पुलिस निरीक्षक,
थाना जीरा ।

श्री सुरेन्दर सिंह,
पुलिस तिरीक्षक,
थाना—जीरा ।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 8 सितम्बर, 1991 को यह सूचना प्राप्त होने पर कि कुछ आतंकवादी करनैल सिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाउस में छिपे हुए हैं, श्री सुरेन्द्र सिंह, एस० एच० ओ०, थाना–जीरा और अन्य पुलिस कार्मिक घटनास्थल पर पहुंचे । पार्टियां बनाने के बाद, उन्होंने फार्म हाउस को घर लिया और तलाशी शुरू कर दी ।

लगभग 2.00 बजे अपराह्न, उग्रवादियों ने पुलिस बल की गतिविधियां देखीं । वे कमरों से बाहर आए और उन्होंने सभी दिशाओं से पुलिस पार्टियों पर अपने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस कार्मिकों ने तत्काल मोर्चा संभाला और गोलियों का जबाव गोलियों से दिया । एक उग्रवादी श्री देव राज पर भारी गोलीबारी कर रहा था । मौका मिलने पर श्री देव राज ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से उग्रवादी पर गोली चलायी और उसे घटना स्थल पर ही मार गिराया ।

इस बीच श्री सुरेन्द्र सिंह, निरीक्षक और उसके दल ने तीन उग्रवादियों को उलझाए रखा, जिन्होंने नहर में मोर्चा सभाला हुआ था । सुरेन्दर सिंह, निरीक्षक को एक मौका मिला और उन्होंने उग्रवादियों के मोर्चे के स्तर से ऊपर उठकर अपनी ए० एल० आर० से शीघ्र गोली चलायी और उसके दल के कार्मिकों ने भी उग्रवादियों पर गोलियां चलायीं पुलिस कार्मिकों द्वारा भारी गोलीबारी करने के परिणामस्वरूप तीनों उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारे गए । मुठभेड़ 4 घंटे से अधिक समय तक चली जिसमें सभी 6 उग्रवादी मारे गए, बाद में जिनकी शिनाख्त एक इकबाल सिंह उर्फ बाला (2) बलकर सिंह (3) सुखमन्दर सिंह उर्फ छिन्दा (4) सरन सिंह उर्फ सम्मा (5) बलवंत सिंह और (6) जीत सिंह के रूप में की गई । मृतक उग्रवादी अनेक प्रमुख गोली कांडों, अपहरणों और लूट खसोट के जिम्मेदार थे । तलाशी के दौरान मुठभेड़ के स्थान से 3 ए० के०–47 राइफलें, एक 7.62 बौर की एस० एल० आर०, एक 12 बौर की गन, एक .38 बौर रिवाल्वर और बड़ी मात्रा में गोलाबारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री देव राज, पुलिस निरीक्षक, और सुरेन्दर सिंह, पुलिस निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 सितम्बर 1991 से दिया जाएगा ।

निरीश प्रधान
निदेशक

सं० 10–प्रेज०/93—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री रोहित चौधरी आई० पी० एस०
सहायक पुलिस अधीक्षक,
लुधियाना ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 2 सितम्बर, 1991 को सूचना प्राप्त हुई कि जन्माष्टमी के अवसर पर लुधियाना शहर क्षेत्र में अपराध करने के उद्देश्य से आधुनिक हथियारों से लस कुछ आतंकवादी

एक मारुति कार सं० पी० सी० एफ० 6591 में घूम रहे हैं । श्री रोहित चौधरी, सहायक पुलिस अधीक्षक, लुधियाना शहर, ने तुरन्त चुने हुए स्थानों पर नाकाबंदी का आयोजन किया तथा एक-एक करके सभी नाकाओं पर चैकिंग करने के लिए चल दिए । करीब 5.30 बजे उन्होंने देखा कि चिमनी रोड की ओर एक वाहन आ रहा है, उन्होने उसे रुक जाने का संकेत दिया, परन्तु रुकने की बजाए वाहन की पिछली सीट पर बठे युवक ने पुलिस दल पर गोलियां चलानी आरंभ कर दीं । श्री चौधरी ने आत्मसुरक्षा स्वरूप अन्य पुलिस कार्मिक के साथ गोलियों का जवाब दिया और उसके परिणामस्वरूप पिछली सीट पर बैठा युवक घायल हो गया और वे अपने वाहन को तेजी से भगा ले गये । पुलिस दल ने तुरन्त उग्रवादियों का पीछा किया । भाग रहे उग्रवादियों ने पीछा करते हुए पुलिस दल पर गोलियां चलाना जारी रखा । जन्माष्टमी के कारण वहां काफी यातायात था, जिसके कारण आतंकवादियों की गोलीबारी से दो नागरिक मारे गए तथा तीन घायल हो गए ।

ढोलेवाले चौक पर स्थित पालकी रेस्तरां के निकट पहुंचने पर आतंकवादियों के स्थिति का लाभ उठाते हुए कार वहीं छोड़ कर एक स्कूटर छीन लिया । इसी बीच पुलिस दल भी उनके पास पहुंच गया । स्कूटर की पिछली सीट पर बैठे आतंकवादी ने तुरन्त ही असाल्ट राईफल से पुलिस दल पर गोलियां चलाईं । श्री चौधरी ने सूझबूझ का परिचय दिया और जवाबी गोली चलाई । और इसके परिणामस्वरूप उग्रवादियों का स्कूटर गिर गया । आतंकवादी एक ओर कूद गए, स्कूटर को वहीं छोड़ दिया मोर्चा संभाला और गोलियां चलानी शुरू कर दीं । पुलिस दल ने भी मोर्चे संभाले और जवाब में गोलियां चलाई ।

अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना उन्होंने एक साहसिक निर्णय लिया और गोलियों की बौछाड़ों के बीच आतंकवादियों की आंखों के सामने ही उनकी तरफ बढ़े । वे और आगे बढ़े और दोनों ओर से गोलीबारी होना जारी रहा । उन्होंने अपने साथियों को लेटकर मोर्चा लेने को कहा और वह स्वयं रेंगते हुए आगे बढ़े । जब वे आगे बढ़ रहे थे तो श्री चौधरी ने अपनी एसाल्ट राइफल से गोली चलाकर आतंकवादी को मार डाला । यह देखकर निरीक्षक गुरजीत सिंह अपने दल के साथ दूसरे आतंकवादी की ओर बढ़े और उसे मार गिराया । मृत आतंकवादियों की बाद में अवतार सिंह उर्फ तारी और पंजाब सिंह के रूप में पहचान हुई । तलाशी के दौरान मृत आतंकवादियों से 3 असाल्ट राइफल, बड़ी मात्रा में भरे/खाली कारतूसों सहित 2 माउजर बरामद किए गए ।

मुठभेड़ में श्री रोहित चौधरी, सहायक पुलिस अधीक्षक उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तगत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 सितम्बर, 1991 से दिया जायेगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 11-प्रेज/93—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री जसबीर सिंह संधू
पुलिस अधीक्षक
(आपरेशन),
संगरूर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 2 अगस्त, 1991 को श्री प्रवजीत सिंह, पशु चिकित्सक, जो गांव हीरीकलां, पुलिस स्टेशन-भिखी, जिला भटिंडा में तैनात थे और जो श्री पी० एस० गिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मजीठा के भाई हैं, का अपहरण एक हरी मारुति कार में आए आतंकवादियों द्वारा कर लिया गया । यह कार गांव-उप्पली, पुलिस स्टेशन-कोतवाली, संगरूर में दिनांक 3 अगस्त, 1991 को प्रातः 7 बजे लावारिस खड़ी मिली ।

श्री जसबीर सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक, आपरेशंस, संगरूर को मामले की छान-बीन करने, तथा आतंकवादियों तथा अपहृत व्यक्ति को खोजने का काम सौंपा गया था जिनकी पास के गांवों में शरण लिए हुए होने की संभावना थी । श्री संधू ने अपने गनमैन तथा संगरूर कोतवाली के पुलिस दल के साथ तलाशी अभियान शुरू किया । गांव वालों का विश्वास जीतकर इस बारे में सुराग स्थापित किया गया, जो पुलिस दल को पहले तो नामोल गांव तक ले गए, इसके बाद पार्टी द्वारा उभेवाल होते हुए गांव भागा बड्ढी तक छानबीन की गई और श्री संधू के नेतृत्व में पुलिस दल करीब 11.00 बजे पूर्वाह्न वहां पहुंचा ।

श्री संधू ने चुनिंदा घरों की तलाशी शुरू की । यह पता चला कि आतंकवादी गांव के बाहर स्थित तथा ऊंची फसल से घिरे हुए एक ट्यूबवैल के ऊपर बने ढांचे में शरण लिए हुए थे । जैसे ही, गांव में कुछ घरों की तलाशी लेने के बाद श्री संधू अपनी जिप्सी पर गोलीबारी की और ये गोलियां हैड लाइट में लगी, इससे रेडिएटर को नुकसान पहुंचा और एक गोली दाहिनी तरफ के मडगाड को भेदती हुई उनकी सीट में धस गई । श्री संधू और उनका दल इस पहले हमले से चमत्कारिक ढंग से बच गए । वे वाहन से

कूद गए और पोजीशन लेकर, जवाबी गोलीबारी करने लगे। श्री संधू ने जमीन पर पोजीशन लेकर निडरता का परिचय देते हुए, अपनी एम० के० ए० के०-47 राइफल से आतंकवादियों के समूह पर तीन बर्स्ट फायर किए। इसके परिणामस्वरूप एक आतंकवादी गिर गया और वहीं पर मर गया। इस प्रकार आतंकवादियों के आक्रमण का प्रभाव नगण्य हो गया और बाकी तीन आतंकवादी धान के खेतों में इधर उधर भागने लगे। गोली चलाते हुए श्री संधू ने बेतार पर आतंकवादियों के हमले और उनके छिपने के स्थान के बारे में संदेश प्रसारित कर दिया। साथ ही, उन्होंने अपने जवानों से आतंकवादियों पर प्रभावकारी ढंग से गोलीबारी करने को कहा। परिणामस्वरूप एक और आतंकवादी मारा गया।

इसी बीच कोतवाली का पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंच गया और श्री संधू के नेतृत्व में उग्रवादियों पर गोलीबारी और तेज कर दी गई। इसके बाद जिला पुलिस मुख्यालय से भी कुमुक पहुंच गई, उस क्षेत्र को घेर लिया गया और ऊंची फसलों तथा धान के खेतों की व्यवस्थित तलाश शुरू की गई। आतंकवादियों के दो शव बरामद किए गए, जिनकी पहचान दयादीपक और हरबंस सिंह के रूप में की गई। बाकी दो आतंकवादी ऊंची फसलों की आड़ लेकर भागने में सफल हो गए।

इस मुठभेड़ में श्री जसबीर सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 अगस्त, 1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 12-प्रेज 93—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सुखदयाल सिंह भुल्लर
(आई० पी० एस०),
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
संगरूर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 20 मई, 1991 को एक कमीशन एजेंट के पुत्र सुरेश कुमार का एक आतंकवादी समूह द्वारा अपहरण कर लिया गया और उन्होंने उसकी रिहाई के लिए 5 लाख रुपयों की मांग की।

दिनांक 22 मई 1991 को श्री सुखदयाल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, संगरूर को एक गुप्त सूचना मिली कि कमीशन एजेंट से फिरौती की राशि वसूलने के लिए आतंकवादी गांव गग्गरपुर के स्कूल में आएंगे। इस पर श्री भुल्लर ने संगरूर के थाना प्रभारी को अन्य पुलिस बल के साथ सादे कपड़ों में स्कूल के चारों ओर तैनात कर दिया। करीब चार बजे अपराह्न तीन आतंकवादी जीप में सवार होकर असाल्ट राइफलों से सज्जित उस स्कूल में आए। पुलिस के पहुंचने की सूचना पाकर आतंकवादी खेतों में भाग गए। उनका पीछा, सी० आई० ए० तथा कोतवाली संगरूर के निरीक्षकों के नेतृत्व में सादी वर्दी वाले पुलिस दल द्वारा किया गया और मुठभेड़ शुरू हो गई। इसके बाद आतंकवादी निर्माणाधीन गुरुद्वारे में घुस गए। उनमें से दो आतंकवादी करनैल सिंह नामक एक व्यक्ति के निकटवर्ती पक्के मकान में शरण लेने में सफल हो गए। पुलिस दल ने मकान को घेर लिया और उन्होंने इस स्थिति के बारे में संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सूचित कर दिया।

पुलिस कार्मिकों के साथ श्री भुल्लर घटना स्थल पर पहुंचे और उस क्षेत्र के चारों ओर दोहरी घेरे बंदी कर ली। इस घेरेबंदी को संगरूर के पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा पुलिस अधीक्षक (आपरेशंस) की मदद से और मजबूत कर लिया गया। इसके बाद घर के निवासियों को बाहर आने का निर्देश दिया गया। श्री करनैल सिंह अपने परिवारजनों और मवेशियों के साथ बाहर आ गए।

श्री भुल्लर ने अपने दल के साथ मकान की आगे की छत पर पोजीशन ली और पुलिस अधीक्षक (आपरेशंस) ने बल के साथ "एल" के आकार में बने मकान के रिहायशी हिस्से की छत पर पोजीशन ली। इसके बाद आतंकवादियों को आत्मसमर्पण के लिए ललकारा गया लेकिन उन्होंने उत्तर में मकान के अन्दर से गोली चलायी। गोलीबारी करीब आधे घन्टे तक जारी रही। इसके बाद उस कमरे में आंसू गैस के गोले छोड़े गए जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे। इस पर एक आतंकवादी कमरे से बाहर आया और उसने सीधे श्री भुल्लर पर गोली चलायी। श्री भुल्लर ने अपनी स्वचालित राइफल से जवाब में गोली चलायी जिसके परिणामस्वरूप उस आतंकवादी को गोली लगी और वह गिर पड़ा। जब उसने उठने की कोशिश की तो श्री भुल्लर ने गोलियों की एक और बौछार की और उसे वहीं मार डाला। तथापि दूसरा आतंकवादी दूसरे कमरे में चला गया। जब आंसू गैस के गोले उसे बाहर निकालने में नाकाम रहे तो मकान के सभी कमरों में एच० ई० 36 हथगोले फेंके गए। आतंकवादी फिर भी कमरे बदलता रहा और अंत में वह सूखा चारा रखने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कमरे में घुस जाने में कामयाब रहा। जब हथगोले फेंकने से भी आतंकवादी को बाहर नहीं निकाला जा सका तो

एक बोरे को पैट्रोल में भिगोकर उसमें आग लगाई गई और उसे कमरे में फेंक दिया गया जिसके परिणामस्वरूप सूखे चारे में आग लग गई । दम घुटने और गर्मी के कारण आतंकवादी बाहर आया और उसने पुलिस दल पर गोली चलाना शुरू कर दिया । छत्त के ऊपर पश्चिमी दिशा से पुलिस दल ने जवाबी गोलीबारी की और आतंकवादी को मार गिराया ।

तीसरा आतंकवादी जो कि गांव के एक अन्य घर में छिपा हुआ था एक भिन्न दिशा में बचकर भागने में सफल हो गया । श्री भुल्लर ने एक छापा पार्टी को इस आतंकवादी का पीछा करने और उसे पकड़ने के लिए तैनात किया । आतंकवादी को गांव-चाथे के क्षेत्र में करीब आधी रात को घेर लिया गया था । इसके बाद एक मुठभेड़ हुई जिसमें इस आतंकवादी को भी मार गिराया गया । तीनों मृत आतंकवादियों की शिनाख्त बाद में जसबीर सिंह करमजीत सिंह तथा मनजिन्दर सिंह के रूप में की गई । तलाशी के दौरान 2 ए० के०-47 राइफलें, एक माजर ए० के०-47 की दो मैगजीन और भारी मात्रा में सक्रिय/खाली कारतूस मुठभेड़ स्थल से बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री सुख दयाल सिंह भुल्लर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता , साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 20 मई, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 13-प्रेज/93—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :-

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री स्वर्ण सिंह
हैड कांस्टेबल
पुलिस स्टेशन-धर्मकोट ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 15 सितम्बर 1991 को निरीक्षक नछत्तर सिंह, थाना प्रभारी, थाना धरमकोट हैड कांस्टेबल स्वर्ण सिंह तथा अन्य पुलिस कर्मियों के साथ आतंकवादियों के छिपने के संदिग्ध स्थानों पर छपा मारने जा रहे थे । करीब 3.45 बजे अपराह्न उन्हें सूचना मिली कि गांव झंडा बागियां के तारासिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाउस में कुछ आतंकवादी शरण लिए हुए थे श्री नछत्तर सिंह तुरन्त वहां पहुंचे और उन्होंने फार्म हाउस को घेर लिया और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण कर देने का आदेश दिया लेकिन आतंकवादियों ने घर के उत्तरी ओर से गोली चलाना शुरू कर दिया । पुलिस दल ने भी जवाबी गोलीबारी की और साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजपुर एवं पुलिस उपाधीक्षक, जीरा को कुमुक भेजने के लिए बेतार संदेश भेज दिया ।

चूंकि आतंकवादी खाइयों में पोजीशन लिए हुए थे इसलिए उन्हें भारी नुक्सान नहीं पहुंचाया जा सका । श्री नछत्तर सिंह और हैड कांस्टेबल स्वर्ण सिंह अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना उस दरबाजे तक हुंच गए, जहां आतंकवादी गोली चला रहे थे । उन्होंने कमरे में छिपे आतंकवादियों पर गोली चलाई । कुछ समय तक दोनों ओर से गोली चलने के बाद आतंकवादियों की ओर से गोली चलनी बंद हो गयी । तलाशी के दौरान चार आतंकवादी मृत पाए गए, जिनकी पहचान गुरमीत सिंह, गुरमेज सिंह, सुरजीत सिंह तथा बलकार सिंह के रूप में की गई । तलाशी में आतंकवादियों से एक ए० के० 56 राइफल, एक ए० के० 47 राइफल, एक 12 बोर की बन्दूक, एक रिवाल्वर, 4 डिटोनेट बिस्फोटक सामग्री के 5 पैकेट और भारी संख्या में जीवित/खाली कारतूस बरामद किए गए ।

मृत आतंकवादी, फिरोजपुर तथा फरीदकोट जिलों के हृद्दां वाली कसुआना, कालेर और थम्पांवाल गांवों में 30 पुलिस कर्मियों तथा उनके रिश्तेदारों की हत्या में अन्तर्ग्रस्त थे । उन्होंने इन दोनों जिलों में कई निर्दोष लोगों की हत्या भी की थी ।

इस मुठफेड़ में श्री स्वर्ण सिंह हैड कांस्टेल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (एक) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 सितम्बर, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 14-प्रेज-93—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक का बार प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पता

श्री नछत्तर सिंह,
पुलिस निरीक्षक,
थाना प्रभारी,
थाना धर्मकोट

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 15 सितम्बर, 1991 को निरीक्षक नछत्तर सिंह, थाना प्रभीरी, थाना धर्मकोट, हेड कांस्टेबल स्वर्ण सिंह तथा अन्य पुलिस कर्मियों के साथ आतंकवादियों के छिपने के संदिग्ध स्थानों पर छापा मारने जा रहे थे । करीब 3.45 बजे अपराह्न उन्हें सूचना मिली कि गांव झंडा बगियां के तारा सिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाउस में कुछ आतंकवादी शरण लिए हुए थे । श्री नछत्तर सिंह तुरन्त वहां पहुंचे और उन्होंने फार्म हाउस को घेर लिया और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण कर देने का आदेश दिया लेकिन आतंकवादियों ने घर के उत्तरी ओर से गोली चलाना शुरू कर दिया । पुलिस दल ने भी जवाबी गोलीबारी की और साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजपुर एवं पुलिस उपाधीक्षक, जीरा को कुमुक भेजने के लिए बेतार संदेश भेज दिया ।

चूंकि आतंकवादी खाईयों में पोजीशन लिए हुए थे इसलिए उन्हें भारी नुक्सान नहीं पहुंचाया जा सका । श्री नछत्तर सिंह और हेड कांस्टेबल स्वर्ण सिंह अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना उस दरवाजे तक पहुंच गए, जहां से आतंकवादी गोली चला रहे थे । उन्होंने कमरे में छिपे आतंकवादियों पर गोली चलाई । कुछ समय तक दोनों ओर गोली चलने के बाद आतंकवादियों की ओर से गोली चलनी बन्द हो गई । तलाशी के दौरान चार आतंकवादी मृत पाए गए जिनकी पहचान गुरमीत सिंह, गुरमेज सिंह, सुरजीत सिंह तथा बलकार सिंह के रूप में की गई । तलाशी में आतंकवादियों से एक एम० के०–56 राइफल, एक ए० के०–47 राइफल, एक 12 बोर की बन्दूक, एक रिवाल्वर, 4 डिटोनेटर विस्फोटक सामग्री के 5 पैकट और भारी संख्या में जीवित खाली कारतूस बरामद किए गए ।

मृत आतंकवादी, फिरोजपुर तथा फरीदकोट जिलों के हदाँवाली कसुआना, कालेर और थम्मांवाल गांवों में 30 पुलिस कर्मियों तथा उनके रिश्तेदारों की हत्या के अन्तर्गत थे । उन्होंने इन दोनों जिलों में कई निर्दोष लोगों की हत्या भी की थी ।

इस मुठभेड़ में श्री नछत्तर सिंह, पुलिस निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता का साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (एक) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनाँक 15 सितम्बर, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 15–प्रेज/93—राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक महर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री हरेकान्त डेका,
पुलिस उप-निरीक्षक,
कामरूप
गोहाटी ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 31 मार्च, 1992 को करीब 8.45 बजे श्री हरे कान्त डेका को पुलिस नियंत्रण कक्ष, गोहाटी से संदेश प्राप्त हुआ कि हांडीक गर्ल्स कालेज, गोहाटी की एक छात्रा को एक मारुति जिप्सी में जबरदस्ती ले जाया गया था ।

पुलिस स्टेशन खेतड़ी के प्रभारी थानाध्यक्ष श्री डेका तुरन्त ही तैयार हुए और अपहृत लड़की को बरामद करने के लिए निकल पड़े । करीब 9.00 बजे रात पुलिस स्टेशन जोर वाट से संकेत प्राप्त हुआ कि नीले रंग की एक मारुति जिप्सी में, खाकी कपड़े पहने हुए कुछ लोग एक लड़की को ले जा रहे हैं और वे जागीरगढ़ की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं तथा वे तेजी से पुलिस के सिगनल को भी पार करके आगे निकल गए । वाहन को रोकने और अपहृत लड़की को बरामद करने के लिए आठ पुलिस कर्मियों के साथ श्री डेका खेतड़ी चैकगेट की ओर गए । उन्होंने सड़क को अवरूद्ध कर दिया और बहुत ही संकरा रास्ता छोड़ा । करीब 9.15 बजे अपराह्न उन्होंने मारुति जिप्सी को आते देखा और उन्होंने जोर वाट की ओर से आते हुए ट्रकों से सड़क को अवरूद्ध कर दिया। जिप्सी रूक गई और वाहन में बैठी लड़की सहायता के लिए चिल्लाई । अपने दल के साथ श्री डेका तुरन्त ही वाहन की ओर दौड़े और उन्होंने नागालैंड पुलिस की वर्दी पहने चार व्यक्तियों को देखा । बिना समय गंवाए श्री डेका ने लड़की को जिप्सी के बाहर खींच लिया । इस पर पिछली सीट पर बैठे एक अपराधी ने अंधाधुंध गोली चला दी और एक गोली उप-निरीक्षक डेका के बाएं पैर में लगी । पुलिस दल ने आत्मसुरक्षा में जवाबी गोलीबारी की । अपराधियों में से वाहन के सामने की सीट पर बैठे और पुलिस निरीक्षक जैसी वर्दी पहने एक अपराधी ने पुलिस दल पर गोली चलाने का प्रयास किया लेकिन उसके ऐसा कर पाने के पहले ही श्री डेका ने अपनी निजी सुरक्षा की बिलकुल परवाह किए बिना उसका रिवाल्वर छीन लिया । इसी बीच रात्रि सुपर डीलक्स बसों सहित कई वाहन जोर वाट दिशा से मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गए थे । यात्रियों के बीच में से और अंधेरे का फायदा उठा कर अपराधी भागने में सफल हो गए । बाद में अपहृत लड़की की एक नौकरानी को भी वाहन में से छुड़ाया गया । उसकी मालकिन के साथ उसका भी अपहरण कर लिया गया था ।

उस वाहन में ही रखा गया था और मुठभेड़ में उसके कंधे में गोली लग गई थी । इस प्रकार श्री डेका ने कोई प्रयास नहीं छोड़ा और अपने जीवन के प्रति खतरा उठाते हुए भी कारवाई की और अपहृत व्यक्तियों को छुड़ा लिया ।

इस मुठभेड़ में श्री हरे कान्त डेका, पुलिस उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ठ वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतगत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 31 मार्च, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 16-प्रेज/93—राष्ट्रपति, हिमाचल प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री पवन कुमार,
कांस्टेबल,
धर्मशाला ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 2 अगस्त, 1990 को श्री पवन कुमार, कांस्टेबल, अन्य पुलिस कार्मिकों सहित कांडवाल अवरोधक पर बसों की जांच करने के लिए ड्यूटी पर तैनात थे । लगभग 1.50 बजे अपराह्न पटानकोट डिपो की एच० आर० टी० सी० बस संख्या एच० आइ० के०-3085, कांगड़ा जिले के पालमपुर में गढ़जामूला जाती हुई बस अवरोधक पर पहुंची । श्री पवन कुमार ने तुरन्त बस में खड़े यात्रियों से उतर जाने का अनुरोध किया ताकि बस की अच्छी तरह से तलाशी ली जा सके । बस की तलाशी लेते समय श्री पवन कुमार को सीट संख्या 45 व 46 के नीचे एक प्लास्टिक का थैला मिला, जिसको किसी भी यात्री ने अपना नहीं बताया । थैले में रखे सामान के प्रति संदिग्ध होते हुए उन्होंने बड़े ध्यानपूर्वक परन्तु साहसपूर्ण ढंग से थैले को वहां से हटाया । उन्होंने पाया कि वह एक टाईम-बम था क्योंकि उसमें घड़ी से जुड़ा हुआ एक तार एक डिटोनेटर से होते हुए एक किलोग्राम के विस्फोटक के टीक के डिब्बे से जुड़ा था । यदि वह बम फट गया होता तो उससे काफी नुक्सान हो गया होता और भरी हुई बस में कई व्यक्ति मारे गए होते । श्री कुमार ने तुरन्त बस में बैठे शेष यात्रियों से बस से उतर जाने का अनुरोध किया । बस के आस-पास का क्षेत्र साफ करा लिया गया तथा उसको घेर लिया गया । भीड़भाड़ वाले रिहायशी इलाकों को ध्यान में रखते हुए यह समझा गया कि विस्फोटक से अधिक नुक्सान होगा । अतः सब को एक एकान्त स्थान पर ले जाया गया । श्री कुमार ने असाधारण साहस का प्रदर्शन किया, और बस में प्रवेश करके उस उपकरण को उठाया और उसमें से एक तार निकाल दी और इस प्रकार बिजली के सर्किट को तोड़कर बम को निष्क्रिय बना दिया । इस कार्य की सभी ने बहुत अधिक प्रशंसा की ।

इस मुठभेड़ में श्री पवन कुमार कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 अगस्त, 1990 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 17-प्रेज/93—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री विजय शंकर द्विवेदी,
पुलिस उप-निरीक्षक,
जिला—मुरैना ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 5 अप्रैल, 1991 को, अपने क्षेत्र की दैनिक गश्त के दौरान श्री विजय शंकर द्विवेदी, एस० एच० ओ०, थाना सिहोनिया, को सूचना मिली कि खूंखार डकैत शिव नाथ सिंह अपने 5-6 साथियों के साथ गांव माई और राउरिया के बीहड़ क्षेत्र में छिपा हुआ है और पास के गांवों में हत्या और अपहरण करने की योजना बना रहा है । श्री द्विवेदी ने पुलिस स्टेशन में उपलब्ध बल को तत्काल गांव भोला-राम-का-पूरा में एकत्रित किया और बल को दो भागों में विभाजित किया । श्री द्विवेदी ने, एक हेड कांस्टेबल और दो कांस्टेबलों के साथ एक सहायक उप-निरीक्षक को उत्तरी दिशा में तैनात किया और उन्होंने दो कांस्टेबलों के साथ स्वयं पश्चिमी दिशा में मोर्चा संभाला । डकैतों के भागने के ये दो संभावित रास्ते थे । लेकिन डकैतों को किसी प्रकार से पुलिस की उपस्थिति की भनक लग गयी और उन्होंने उत्तरी दिशा से भागने की कोशिश की । सहायक उप-निरीक्षक ने डकैतों को आत्म-समर्पण करने के लिए ललकारा लेकिन उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलायी । पुलिस दल ने आत्म रक्षा में जवाबी गोलियां चलायी । बाद में गिरोह ने पश्चिमी दिशा से भागने की कोशिश की, जहां पर

श्री द्विवेदी ने घात लगा रखी थी । श्री द्विवेदी ने डकैतों को आत्मसमर्पण के लिए ललकारा लेकिन उन्होंने पुलिस दल पर गोलियां चलायी । पुलिस ने आत्म रक्षा में जवाबी गोलियां चलायी । डकैत पुलिस दल पर गोलियां चलाते रहे दोनों ओर से हो रही गोलीबारी में श्री द्विवेदी का बायां हाथ गोली लगने से जख्मी हो गया । गोली लगने से जख्मी होने के बावजूद वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना डकैतों पर गोलियां चलाते रहे जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने गिरोह के नेता शिवनाथ सिंह भदोरिया को मार गिराया । अन्य डकैत गोलियां चलाते रहे और उन्होंने उत्तरी रास्ते से भागने की पुनः कोशिश की जहां पर दूसरे दल से उनका मुकाबला हुआ और दल ने डकैतों पर भारी गोलाबारी की, जिसमें गिरोह का एक सदस्य मुकेश मारा गया । तथापि, शेष डकैत असन नदी के बीहड़ क्षेत्र का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए । तलाशी लेने पर डकैतों से 12 सक्रीय कारतूसों सहित एक .12 बोर की गन और चार सक्रीय कारतूसों के साथ एक .315 बोर की देशी गन बरामद की गयी । गिरोह के नेता शिवनाथ सिंह भदोरिया को पकड़ने के लिए 3000/– रुपये के पुरस्कार की घोषणा की गई थी ।

इस मुठभेड़ में श्री वी० एस० द्विवेदी, पुलिस उप-निरीक्षक ने अदभ्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 5 अप्रैल, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 18–प्रेज/93—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री ए० जी० कदम,
सहायक पुलिस आयुक्त,
उत्तरी क्षेत्र,
बम्बई ।

श्री वी० एस० देशमुख,
पुलिस उप निरीक्षक,
पुलिस स्टेशन दहीसर
बम्बई ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 24 फरवरी, 1991 को करीब 19.30 बजे विशेष दस्ते (आसूचना एकत्र करने तथा अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए गठित) के अधिकारियों एवं कार्मियों के आतंकवादी बलदेव सिंह को मकान में प्रवेश करते हुए देखा । उन्होंने उसे तुरन्त ही चारों ओर से घेर लिया और आत्मसमर्पण कर देने के लिए कहा । आतंकवादियों ने इसका जवाब, स्वचालित हथियारों से गोलियों की बौछार करके दिया । चूंकि यह एक घनी आबादी वाला क्षेत्र था, इसलिए पुलिस कर्मियों ने गोली के जवाब में सावधानी से गोली चलायी, निर्दोष लोग घायल न हो जाएं । पुलिस निरीक्षक एम० ए० काबी तथा पुलिस उप निरीक्षक वी० एस० देशमुख उस मकान के 15 मीटर पास तक रेंगते हुए पहुंचे जिसमें से पुलिस दल पर गोलियां चलाई जा रही थीं । उन्होंने आतंकवादियों की कार को पंचर कर दिया जिससे कि उनके बच कर भाग जाने की संभावना न रहे । गोलीबारी 24 जनवरी, 1991 को 2100 बजे से 25 जनवरी, 1991 को 0400 बजे तक जारी रही । इसके बाद आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी बन्द हो गई । तलाशी के दौरान आतंकवादियों के तीन शव बरामद किए गए मुठभेड़ स्थल से भारी संख्या में हथियार एवं गोली बारूद बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री ए० जी० कदम, सहायक आयुक्त तथा वी० एस० देखमुख, पुलिस उप निरीक्षक ने उ-कृष्ट वीरता का साहस तथा कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (एक) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 24 जनवरी, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 19–प्रेज/93—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक का वार प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री पी० एल० डिसूजा,
पुलिस उप-निरीक्षक,
पुलिस स्टेशन, डी० एन० नगर,
बम्बई ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 24 जनवरी, 1991 को करीब 1930 बजे विशेष दस्ते (अधिसूचना एकत्र करने तथा अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए गठित) के अधिकारियों एवं कर्मियों ने आतंकवादी बलदेव सिंह को मकान में प्रवेश करते हुए देखा । उन्होंने उसे तुरन्त ही चारों ओर से घेर लिया और आत्मसमर्पण कर देने के लिए कहा । आतंकवादियों ने इसका जवाब, स्वचालित हथियारों से गोलियों की बौछार करके दिया । चूंकि यह एक घनी आबादी वाला क्षेत्र था, इसलिए पुलिस कर्मियों ने गोली के जवाब में सावधानी से गोली चलाई, ताकि निर्दोष लोग घायल न हो जाएं । पुलिस निरीक्षक एम० ए० का दो तथा पुलिस उप-निरीक्षक श्री एम० देशमुख उस मकान के 15 मीटर तक रेंगते हुए पहुंचे, जिसमें से पुलिस दल पर गोलियां चलाई जा रही थीं । उन्होंने आतंकवादियों की कार को पंचर कर दिया जिससे कि उनके बचकर भाग जाने की संभावना न रहे । गोलीबारी 24-1-1991 को 2100 बजे से 25-1-1991 को 0400 बजे तक जारी रही । इसके बाद आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी बन्द हो गई । तलाशी के दौरान आतंकवादियों के तीन शव बरामद किए गए। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार एवं गोली बारूद बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री पी० एल० डिसूजा, पुलिस उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (एक) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 24 जनवरी, 1991 से दिया जायेगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 20-प्रेज/93—राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री एन० श्यामनन्दा सिंह,
पुलिस उप-अधीक्षक,
इम्फाल ।

श्री नगनगोम बुद्ध सिंह,
कांस्टेबल, इम्फाल ।

श्री लोंगजम बाबू सिंह,
कांस्टेबल, इम्फाल ।

श्री मो० अलीमुद्दीन,
कांस्टेबल, इम्फाल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 18 मई, 1992 को लगभग 10.10 बजे पूर्वाह्न यह सूचना प्राप्त होने पर कि तीन सशस्त्र बदमाशों ने, जिन पर उग्रवादी होने का संदेह है, डोन बास्को स्कूल, चिंगमेईरोंग, के गेट पर स्कूल के हैडमास्टर फादर मेवसटियन के सिर पर गोली चलाई और एक नीली मोटर साइकिल पर खुराई की तरफ भाग गए, श्री एम० श्यामनन्दा सिंह, पुलिस अधीक्षक, इम्फाल, अपने मार्ग-रक्षक कांस्टेबल एल० बाबू सिंह, कांस्टेबल मो० अलीमुद्दीन और कांस्टेबल (ड्राइवर) नगनगोम बुद्ध सिंह, के साथ अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस जीप में तत्काल चल पड़े । जब पुलिस अधीक्षक और उसका दल कोंगवा नदी पर बने पुल के पश्चिमी किनारे पर पहुंचे तो उन्हें एक नीले रंग की मोटर साइकिल दिखाई पड़ी जिसमें तीन संदिग्ध व्यक्ति सवार थे, जो तिनसिड सड़क पर पूर्व की तरफ तेजी से जा रहे थे । उनकी गतिविधियों पर संदेह होने पर, पुलिस अधीक्षक ने ड्राइवर कांस्टेबल नगनगोम बुद्ध सिंह को मोटर साइकिल का पीछा करने के लिए कहा । उसके बाद जीप तेज रफ्तार से मोटर साइकिल के नजदीक पहुंची । पुलिस अधीक्षक ने संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने के लिए संकेत देना और चिल्लाकर उनसे रुकने के लिए कहना शुरू किया । चेतावनी के प्रति कोई ध्यान दिए बिना, मोटर साइकिल पर सवार व्यक्तियों ने मोटर साइकिल की रफ्तार तेज करना जारी रखा ।

पुलिस दल को आगे बढ़ने से आतंकित करने और रोकने के लिए मोटर साइकिल में सबसे पीछे बैठे उग्रवादी ने अचानक पीछे मुड़कर गोली चलाई जो जीप के विन्ड स्क्रीन पर लगी और स्क्रीन टुकड़े-टुकड़े हो गया, जिससे कम दिखाई देने लगा । कांस्टेबल ड्राइवर नगनगोम बुद्ध सिंह बहुत अधिक सतर्कता और साहस के साथ वाहन चलाते रहे और गोली चलाने के लिए रास्ता बनाने के लिए अपने बायीं मुट्ठि से कांच के टूटे टुकड़ों को हटाया । श्री सिंह, पुलिस अधीक्षक ने जीप से गोलियों का जवाब गोलियों से दिया । श्री सिंह के दृढ़ निश्चय को भांपते हुए, उग्रवादियों ने पुलिस जीप की तरफ एक हथगोला फैंका, जो दौड़ रही जीप के ठीक सामने फटा । विस्फोट होने के एक सैकण्ड के भीतर, भाग रहे उग्रवादियों ने मोटर साइकिल रोकी और फायर की आड़ में सड़क के दक्षिण में नाले में कूद गये और गोली चलाते रहे । विचलित हुए बिना और अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए श्री सिंह, पुलिस अधीक्षक, कांस्टेबल एल० बाबू सिंह और कांस्टेबल मो० अलीमुद्दीन के साथ जीप से बाहर कूदे और गोलियों का जवाब गोलियों से दिया, जिससे पुलिस दल और उग्रवादियों के बीच काफी नजदीक से भीषण मुठभेड़ हो गई । एक उग्रवादी ने श्री एस० एन० सिंह की तरफ एक हथगोला फैंकने की कोशिश की । खतरे के बावजूद श्री सिंह हथगोला पकड़े हुए उग्रवादी पर गोलियां चलाते रहे और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया । इसी बीच दो शेष व्यक्ति पुलिस दल पर गोलियां चलाते रहे । कांस्टेबल एल० बाबू सिंह और मो० अलीमुद्दीन ने दृढ़ निश्चय के साथ आगे की ओर से हमला किया और उग्रवादियों पर गोलियां चलायीं, जिससे एक उग्रवादी घटनास्थल से निकल कर भागने पर मजबूर हो गया, जबकि दूसरे कांस्टेबल मो० अलीमुद्दीन ने मार गिराया । भाग रहे उग्रवादी को देखने पर कांस्टेबल एल० बाबू सिंह ने उसका तेजी से पीछा किया, हालांकि उग्रवादी बराबर गोलीबारी करता रहा । कांस्टेबल एल० बाबू सिंह ने गोलियों का जवाब

गोलियों से दिया और भाग रहे उग्रवादी की पीठ पर गोली चलायी, जिसके परिणामस्वरूप वह गिर गया। कांस्टेबल एल० बाबू सिंह अपने जीवन को भारी खतरे में डालकर उस उग्रवादी की ओर कूद पड़ा और उसे दबोच लिया। उन्होंने उग्रवादी को तत्काल निशस्त्र करके गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पार्टी ने उग्रवादियों से निम्नलिखित शस्त्र गोला बारूद वस्तुएं बरामद कीं :—

(1) 7 चक्र गोला बारूद के साथ एक एम०-20 पिस्तौल।

(2) 13 चक्र गोला बारूद के साथ एक .38 रिवाल्वर।

(3) एक 36—एच० ई० ग्रेनेड।

(4) एक चीन निर्मित हथगोला।

(5) 396 नं० की एक याहमा मोटर साइकिल।

(6) आर०पी०एफ०/पी०एल०ए० के उत्तेजक दस्तावेज।

पूछताछ करने पर गिरफ्तार व्यक्ति ने अपने आपको पी० एल० ए० का एक खूंखार उग्रवादी क्षेत्रीमायूम इनोचा सिंह बताया जबकि मारे गए उसके दो साथियों की पहचान पी० एल० ए० के खूंखार उग्रवादी लाईश्रम सुनील सिंह उर्फ केशो और श्याम सिंह के रूप में की गयी।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री एल० श्यामनन्दा सिंह पुलिस अधीक्षक नगनगोम बुद्ध सिंह लोंगजाम बाबू सिंह और मो० अलीमुद्दीन कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) तहत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18 मई, 1992 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 21—प्रेज/93—राष्ट्रपति मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री० एन० श्यामजय सिंह
पुलिस उप-निरीक्षक
मणिपुर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 22 जुलाई 1991 को करीब 12.30 बजे (अपराह्न) मोरेह जाने वाली बस संख्या एम० एन० पी०—9981 के चालक श्री ओईनम तोम्बा सिंह ने सूचना दी कि चार सशस्त्र यात्रियों ने बस का अपहरण किया और गहरे हरे रंग की वर्दी पहने हुए पांच अन्य सशस्त्र युवकों की सहायता से मुख्य मार्ग से आधा कि० मी० दूर एक अप्रयुक्त सड़क पर बंदूक की नोक पर ड्राइवर सहित सभी यात्रियों से नकदी और कीमती सामान लूट लिया।

श्री एन० श्यामजय सिंह ओ० सी० थेगनाथाल पुलिस स्टेशन थाने के ने भा० द० सं० की धारा 395/397 तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1) (क) के अधीन प्रथम सूचना रिपोर्ट सं० 9(7)91 टी० पी० एल० पुलिस स्टेशन दर्ज की तथा तुरन्त अपने पुलिस दल सहित घटना स्थल की ओर रवाना हो गये। घटना स्थल पर पहुंचने पर श्री सिंह को पता चला कि बस लूटने के बाद गिरोह के लोग घटना स्थल से 3.5 कि० मी० की दूरी पर स्थित गांव सैवियोम की ओर चले गए। सैवियोम गांव के बाहरी इलाके में पहुंचने पर पुलिस दल ने बगैर अपनी उपस्थिति के बारे में किसी को पता न लगने देने के विना युक्तिपूर्ण और सावधानी पूर्ण ढंग से गांव को घेरना आरम्भ कर दिया। जब श्री सिंह कुछ सशस्त्र कांस्टेबलों सहित स्कूल के भवन की एक पक्की दीवार के बहुत नजदीक पहुंच गए तो उन्होंने अन्दर से आदमियों की आवाजें सुनी इस भवन पर बाहर से ताला लगा हुआ था। साथ ही उन्होंने देखा कि गहरी हरी वर्दी पहने एक युवक स्कूल की खिड़की के पास खड़ा था। जब श्री सिंह उस दृश्य के करीब पहुंचे तो पाया कि बाहर खड़े व्यक्ति के पास बंदूक थी तथा 6 व्यक्ति स्कूल के भवन के अन्दर बंदूक लिए हुए धन की गणना कर रहे थे। जब श्री सिंह ने बाहर खड़े व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया तो अन्दर से एक उपद्रवी ने अचानक उन पर गोली चलाई और उसके बांये हाथ में गोली लगने से गहरा घाव हो गया। श्री सिंह ने अपने साथियों को भवन का घेरा डालने का आदेश दिया तथा अन्दर छिपे उपद्रवियों से आत्मसमर्पण करने को भी कहा। उपद्रवियों ने आत्मसमर्पण करने के बजाए पुलिस दल पर गोलियां चलानी आरंभ कर दीं तथा खिड़की से भाग निकलने की कोशिश की। उपद्रवियों ने पुलिस दल पर हथगोले भी फैंके परन्तु कोई भी घायल नहीं हुआ। भीषण मुठभेड़ के दौरान श्री सिंह ने भीषण रूप से गोली लगने से घायल होने के बावजूद भी अपने दल की सहायता से उपद्रवियों के दल के दो सदस्यों को मार कर गिरोह पर नियंत्रण पा लिया तथा उनमें से तीन को पकड़ लिया। उनमें से एक भाग निकलने में सफल हो गया। इन उपद्रवियों की बाद में कुकी सुरक्षा बल, जो कि मणिपुर में सक्रिय एक भूमिगत सशस्त्र दल है, के सदस्यों के रूप में पहचान की गई। उनके पास से बड़ी मात्रा में अवैध शस्त्र और गोला बारूद तथा 21,453/— रुपये नकद और कुछ कीमती दस्तावेज बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री एन० श्यामजय सिंह उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 22 जुलाई 1991 से दिया जायेगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1993

सं॰ 22-प्रेज/93—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री विजय कुमार,
सहायक पुलिस अधीक्षक
नैनीताल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

सहायक पुलिस अधीक्षक और सी॰ ओ॰ काशीपुर श्री विजय कुमार दक्षिण जमपुर रेंज के जंगली क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों को बाहर खदेड़ने के लिए छानबीन अभियान चला रहे थे। 16 जनवरी 1992 को लगभग 1400 बजे जब जंगली क्षेत्र की छानबीन की जा रही थी तो उन्होंने घने जंगल में दो व्यक्तियों को झाड़ियों के पीछे छिपने की कोशिश करते हुए देखा। इन व्यक्तियों की रहस्यमय गतिविधियाँ देखने पर श्री विजय कुमार ने उन्हें बाहर आने और अपनी शिनाख्त बताने के लिए ललकारा लेकिन आतंकवादियों ने सामने आने के बजाय "खालिस्तान जिन्दाबाद" का नारा लगाया और स्वचालित हथियारों से पुलिस पार्टी पर गोलियां चलायीं। सशस्त्र आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ होने का आभास होने पर श्री कुमार और उसके कार्मिकों ने पेड़ों के पीछे मोर्चा संभाला और जवाब में गोली चलायी। आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलियां चलायीं और उन्हें आगे बढ़ने से रोका। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए श्री कुमार ने अपने बल को दो ग्रुपों में विभाजित किया। श्री कुमार के नेतृत्व में एक ग्रुप आतंकवादियों के मोर्चे की ओर रेंगते हुए गया और दूसरे ग्रुप ने गोलियां चलाकर आड़ उपलब्ध करायी। जल्दी ही श्री कुमार और उसके कार्मिक छिपे हुए आतंकवादियों के नजदीक पहुंचे और उन पर गोलीबारी की बौछार कर दी। मुठभेड़ में, श्री विजय कुमार के सटीक निशाने से एक आतंकवादी मारा गया। यह देखने पर कि श्री कुमार ने उनके एक साथी को मार गिराया है, दूसरे आतंकवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए। बाद में मृतक आतंकवादी की शिनाख्त कुख्यात आतंकवादी वासन सिंह उर्फ जफरवाला, के रूप में की गयी, जिसने क्षेत्र में आतंक फैलाया हुआ था। घटनास्थल से मैगजीन सहित एक ए॰ के॰ 47 राइफल, एक रिवाल्वर .38 बोर और अन्य गोला बारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री विजय कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 16 जनवरी, 1992 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं॰ 23-प्रेज/93—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री श्रीकिशन,
हैड-कांस्टेबल,
दिल्ली पुलिस ।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 31 जुलाई, 1992 को करीब 10.00 बजे जिस समय हैड कांस्टेबल श्री श्रीकिशन, दो अन्य कांस्टेबलों के साथ नांगलोई थाने के अधीन गंदे नाले से लगे हुए निहाल विहार क्षेत्र में गश्त पर थे तो एक सफेद मारूति वैन, जिसकी पंजीकरण संख्या डी॰ एल॰-3 सी-बी-7112 थी, तथा जिसमें चार व्यक्ति बैठे थे, ने पुलिस नियंत्रण कक्ष की गाड़ी से अपनी वैन आगे निकाली श्री श्रीकिशन ने गड़बड़ी की शंका करते हुए वैन का पीछा किया और गांव नांगलोई सैयद में अग्नि शमन कार्यालय के निकट वैन को रोक लिया। श्री श्रीकिशन तथा अन्य कांस्टेबल अपने वाहन से उतर गये और वैन की जांच करने के लिए आगे बढ़े और जैसे ही पुलिस दल ने वैन में बैठे व्यक्तियों से, अपनी पहचान बताने के लिए कहा तो वैन के चालक, जिसकी पहचान बादमें विजय पाल सिंह उर्फ हैप्पी के रूप में हुई, ने पुलिस कांस्टेबल पर दो गोलियां चलाई, परन्तु श्री श्रीकिशन सौभाग्यवश नीचे झुक गए। लेकिन श्री श्रीकिशन पर चलाई गई अन्य कुछ गोलियां उनके पेट और बांए हाथ में लगी। वे मारूति वैन को भगा ले गए। मारूति वैन को भागते देख श्री श्रीकिशन ने अपना पूरा साहस बटोरा और उग्रवादियों को गिरफ्तार करने का दृढ़ निश्चय करके, स्वयं ड्राइवर की सीट संभाली और उग्रवादियों का पीछा किया, परन्तु अत्यधिक रक्त बह जाने के कारण वे आधे रास्ते के बाद वाहन चला सकने की स्थिति में नहीं रहे। अब ड्राइवर कांस्टेबल ने वाहन चलाना शुरू किया। पी॰ सी॰ आर॰ वैन ने मारूति वैन का तेजी से पीछा किया। वैन से गोलियां चलती रहीं। पुलिस दल को बहुत तेजी से पीछा करते और गोलियां चलाते देखकर मारूति वैन के चालक घबरा गया और वैन का नियंत्रण खो बैठा तथा गुरु नानक नगर में एक दुकान में वैन जा टकराई और रुक गई। जैसे ही गाड़ी वहां रुकी अत्यधिक कमजोरी की स्थिति में श्री श्रीकिशन सहित तीनों पुलिस कार्मिक वैन में बैठे व्यक्तियों पर झपट पड़े और उनको घटनास्थल पर ही गिरफ्तार कर लिया तथा उनसे आठ बिना चले कारतूसों सहित .9 मि॰ मि॰ (अध-स्वचलित) की एक चीन में निर्मित पिस्तौल बरामद की। श्री श्रीकिशन को इलाज के लिए दीन दयाल उपाध्याय हस्पताल ले जाया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में से एक अत्यधिक खूंखार आतंकवादी विजय पाल सिंह के दिल्ली और पंजाब के आतंकवादियों के साथ संबंध थे तथा लूटपाट की गई घटनाओं में शामिल था।

इस मुठभेड़ में श्री श्रीकिशन, हैड कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 31 जुलाई, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, 20 फरवरी 1993

सं० 24-प्रेज/93—राष्ट्रपति दिल्ली पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री श्याम सिंह,
कांस्टेबल,
दिल्ली पुलिस ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

कैलाश कालोनी पार्क में एक संदेहास्पद व्यक्ति की उपस्थिति के बारे में 6 अप्रैल, 1992 को लगभग 2.05 बजे अपराह्न को पुलिस नियंत्रण कक्ष में एक अज्ञात व्यक्ति से टेलीफोन संदेश प्राप्त हुआ । सूचना प्राप्त होने पर तुरन्त ही पुलिस नियंत्रण कक्ष का एक वाहन वहां पहुंचा और उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे ग्रेटर कैलाश पुलिस स्टेशन में लाया गया, जहां पर उसकी तलाशी ली गई और उसके कब्जे से एक ए० के०-47 राईफल, एक भरी हुई मैगजीन, सक्रिय कारतूस और एक साईनाईड कैपसूल बरामद किए गए । आगे पूछताछ करने पर पता लगा कि वह पार्क उसके लिए अपने साथियों से मिलने के लिए एक मिलन स्थान था । उपरोक्त सूचना पर कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र कुमार और श्याम सिंह रिवाल्वरों से लैस होकर, पार्क में निगरानी रखने के लिए सादे वस्त्रों में घटनास्थल पर पहुंचे । जब तीनों कांस्टेबल पार्क का निरीक्षण कर रहे थे तो उन्होंने 3 संदिग्ध युवकों को देखा जो कैलाश कालोनी मार्किट के नजदीक पार्क के पश्चिमी किनारे पर खड़ी की गयी काले रंग की एक मोटर साईकल (राजदूत) नं० डी० आई० एस०-3925 की तरफ बढ़ रहे थे और इस पर सवार होकर भागने वाले थे कि श्री सत्येन्द्र कुमार ने मोटर साईकल की इगनिशन चाबी निकाल ली । इस पर एक आतंकवादी ने कांस्टेबल सत्येन्द्र के जबड़े पर अपने सिर से हमला किया और गोली चलायी, लेकिन कांस्टेबल के झुक जाने से गोली पास से गुजर रहे एक व्यक्ति की पीठ पर लगी । तीनों आतंकवादी तुरन्त भाग गए और कांस्टेबलों ने उनका तेजी से पीछा किया । दो आतंकवादी, जिनकी बाद में लाजपत नगर दिल्ली के हरभजन सिंह और गोविन्दपुरी, दिल्ली के राजेन्द्र सिंह उर्फ राजा के रूप में शिनाख्त की गयी, मकान नं० एफ-15, कैलाश कालोनी के पिछवाड़े में घुस गये । कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह और सत्येन्द्र कुमार, इस बात की जानकारी के बावजूद कि आतंकवादी शस्त्रों से लैस हैं, अत्याधिक साहस से और अपने जीवन के मूल्य पर मकान के पिछवाड़े की तरफ गए, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, गोली चलायी और दोनों आतंकवादियों को घटनास्थल पर ही मार गिराया और राजविन्द्र सिंह से .38 का एक रिवाल्वर बरामद किया । इसी बीच कांस्टेबल श्याम सिंह, जो तीसरे अपराधी का पीछा कर रहे थे, अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बिना तेजी से पीछा करते रहे और आखिरकार पीछा करने के बाद उस तक पहुंच गए और हाथापाई के बाद उसे पकड़ने में कामयाब हो गए और उनके कब्जे से एक चाकू जब्त किया । पकड़े गए अपराधी की शिनाख्त बाद में संतनगर, दिल्ली निवासी अमृतपाल उर्फ पप्पू के रूप में की गई । तीनों कांस्टेबलों की बहादुरी के परिणाम-स्वरूप तीनों आतंकवादियों का गिरोह समाप्त हो गया ।

इस मुठभेड़ में श्री श्याम सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(एक) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 अप्रैल, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1993

सं० 25-प्रेज/93—राष्ट्रपति दिल्ली पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री वीरेन्द्र सिंह,
कांस्टेबल,
दिल्ली पुलिस ।

श्री सत्येन्द्र कुमार,
कांस्टेबल,
दिल्ली पुलिस ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

कैलाश कालोनी पार्क में एक संदेहास्पद व्यक्ति की उपस्थिति के बारे में 6 अप्रैल, 1992 को लगभग 2.05 बजे अपराह्न को पुलिस नियंत्रण कक्ष में एक अज्ञात व्यक्ति से टेलीफोन संदेश प्राप्त हुआ । सूचना प्राप्त होने पर तुरन्त ही पुलिस नियंत्रण कक्ष का एक वाहन वहां पहुंचा और उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे ग्रेटर कैलाश पुलिस स्टेशन में लाया गया, जहां पर उसकी तलाशी ली गयी और उसके कब्जे से एक ए० के०-47 राईफल, एक भरी हुई मैगजीन, सक्रिय कारतूस और एक साईनाईड कैपसूल बरामद किए गए । आगे पूछताछ करने पर पता लगा कि वह पार्क उसके लिए अपने साथियों से मिलने के लिए एक मिलन स्थान था । उपरोक्त सूचना पर कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र कुमार और श्याम सिंह रिवाल्वरों से लैस होकर, पार्क में निगरानी रखने के लिए सादे वस्त्रों में घटना-स्थल पर पहुंचे । जब तीनों कांस्टेबल पार्क का निरीक्षण कर रहे थे तो उन्होंने 3 संदिग्ध युवकों को देखा जो कैलाश कालोनी

मार्किट के नजदीक पार्क के पश्चिमी किनारे पर खड़ी की गयी काले रंग की एक मोटर साईकल (राजदूत) सं० डी० आई० एस०-3925 की तरफ बढ़ रहे थे और इस पर सवार होकर भागने वाले थे कि सत्येन्द्र कुमार ने मोटर साईकल की इगनिशन चाबी निकाल ली। इस पर एक आतंकवादी ने कांस्टेबल सत्येन्द्र के जबड़े पर अपने सिर से हमला किया और गोली चलायी, लेकिन कांस्टेबल के झुक जाने से गोली पास से गुजर रहे एक व्यक्ति की पीठ पर लगी। तीनों आतंकवादी तुरन्त भाग गए और कांस्टेबलों ने उनका तेजी से पीछा किया। दो आतंकवादी, जिनकी बाद में लाजपत नगर, दिल्ली के हरभजन सिंह और गोविन्दपुरी, दिल्ली के राजेन्द्र सिंह उर्फ राजा के रूप में शिनाख्त की गई, मकान नं० एफ-15, कैलाश कालोनी के पिछवाड़े में घुस गए। कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह और सत्येन्द्र कुमार, इस बात की जानकारी के बावजूद कि आतंकवादी शस्त्रों से लैस हैं, अत्यधिक साहस से और अपने जीवन के मूल्य पर, मकान के पिछवाड़े की तरफ गए, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, गोली चलायी और दोनों आतंकवादियों को घटनास्थल पर ही मार गिराया और राजविन्द्र सिंह से .38 का एक रिवाल्वर बरामद किया। इसी बीच कांस्टेबल श्याम सिंह, जो तीसरे अपराधी का पीछा कर रहे थे, अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बिना तेजी से पीछा करते रहे और आखिरकार काफी पीछा करने के बाद उस तक पहुंच गए और हाथापाई के बाद उसे पकड़ने में कामयाब हो गए और उसके कब्जे से एक चाकू जब्त किया। पकड़े गए अपराधी की शिनाख्त बाद में संतनगर, दिल्ली निवासी अमृतपाल उर्फ पप्पू के रूप में की गयी। तीनों कांस्टेबलों की बहादुरी के परिणामस्वरूप तीनों आतंकवादियों का गिरोह समाप्त हो गया।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री वीरेन्द्र सिंह और सत्येन्द्र कुमार, कांस्टेबलों ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(एक) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 अप्रैल, 1992 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1993

सं० 26-प्रेज/93—राष्ट्रपति केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री मोती लाल (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
तृतीय रिजर्व बटालियन,
भिलाई,
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 9 नवम्बर, 1991 को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ आतंकवादियों ने एन० एच० पी० सी० रिहायशी कालोनी, उड़ी में शरण ले रखी है। तृतीय बटालियन की केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टुकड़ी द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने एक ए० के० 56 राईफल, तीन फील्ड मैगजीन और दो हथगोलों सहित दो आतंकवादियों को पकड़ा।

आतंकवादियों द्वारा प्रतिकारात्मक कार्रवाई किए जाने की संभावना में बटालियन के सभी कार्मिकों को पूरी तरह सतर्क किया गया। 10 नवम्बर, 1991 को, जैसी कि उम्मीद थी, लगभग 0700 बजे आतंकवादियों ने केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के बैरकों पर हमला किया। कांस्टेबल मोतीलाल ने अपना मोर्चा संभाला और अन्य कार्मिकों के साथ गोलियों का जवाब गोलियों से दिया। आतंकवादी, बड़ी संख्या में, अपने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाते हुए, बन्दी बनाये गए अपने साथियों को छुड़ाने के लिए तीन दिशाओं से बैरकों की तरफ बढ़े और उन्होंने प्रतिशोध स्वरूप केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कार्मिकों को हताहत किया। कांस्टेबल मोतीलाल ने सबसे पहले गोली का जवाब गोली से दिया और आतंकवादियों से बहादुरी के साथ लड़ने के लिए अपने साथियों को प्रोत्साहित किया। जब गोलीबारी हो रही थी तो गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों ने भागने की कोशिश की। कांस्टेबल मोती लाल ने उन्हें देख लिया। उन्होंने तुरन्त कार्रवाई की, अपने छिपने के स्थान को छोड़ा और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए, भाग रहे उग्रवादियों को भागने से रोकने के लिए बाहर आ गए। श्री मोती लाल और केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कार्मिकों ने उग्रवादियों पर गोलियां चलायीं, जो भागने की कोशिश कर रहे थे और उन दोनों को मार गिराया। इसी बीच अन्य उग्रवादियों ने यह देखा और उन्होंने कांस्टेबल मोती लाल को गोलियों का निशाना बनाया। इस कार्रवाई में उन्हें गोली लगी, जो बाद में घातक सिद्ध हुई। इस प्रकार कांस्टेबल मोती लाल, अदम्य साहस और समर्पण भाव से उग्रवादियों के साथ लड़े और उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया।

इस मुठभेड़ में श्री मोती लाल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 9 नवम्बर, 1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 27-प्रेज 93—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री के० एस० फोनियां
सहायक कमांडेंट,
98 बटालियन,
बी० एस० एफ० ।

श्री एस० सी० गुंड,
लांस नायक,
98 बटालियन,
बी० एस० एफ० ।

मेत्राओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 19 अक्तूबर 1990 को करीब 12.40 बजे सीमा सुरक्षा बल और पुलिस की एक संयुक्त टुकड़ी तीन विभिन्न वाहनों में तलाशी अभियान पर गांव बाजाचक, जोहड़ कुंडा और भूंबली को गई । करीब 15.10 बजे जब यह दल खुडा-भूंबली रोड पर गांव भूंबली के निकट पहुंचा तो बीच वाले वाहन के सामने एक बम विस्फोट हुआ । विस्फोट के बाद ही निकटवर्ती गन्ने के खेतों से स्वचालित हथियारों द्वारा काफिले पर गोलियों की बौछार हुई । विस्फोट से कोई नुकसान नहीं हुआ । दल ने तुरन्त मोर्चा संभाला और जबाबी गोलीबारी की। उस समय तक आतंकवादी खेतों की ओर भाग निकल।

छापा मारने वाले दल ने भागते हुए आतंकवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया और साथ ही धारीवाल स्थित सीमा सुरक्षा बल की 98वीं बटालियन के मुख्यालय को भी घटना के बारे में सूचित कर दिया । सहायक कमांडेंट श्री के० एस० फोनियां तुरन्त ही कुमुक के साथ घटना स्थल की ओर रवाना हो गए । यह दल आतंकवादियों का पीछा करने वाले दल से जा मिला और लोदी पुर गांव तक पहुंच गया और इसके बाद व्यवस्थित एवं युक्तिपूर्ण ढंग से, निकटवर्ती गन्ने एवं धान के खेतों की तलाशी ली गई ।

खेतों को सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी द्वारा घेर लिया गया और श्री के० एस० फोनियां को धान के खेतों की तलाशी का काम सौंपा गया। जैसे ही वे धान के खेतों में आगे बढ़े उन पर और उनके दल पर भारी गोलीबारी हुई । दल ने तुरन्त ही मोर्चा संभाला और जबाब में गोली चलायी ।

तलाशी के दौरान लांस नायक एस० सी० गुंड ने एक फार्म हाउस के पास पड़े धान के ढेर में से एक राइफल की नाल बाहर निकलती देखी । श्री गुंड ने तेजी से प्रतिक्रिया करते हुए और बिजली जैसी तेजी से कार्रवाई करते हुए अपने जीवन के प्रति भारी खतरा मोल लेकर राइफल की नाल का ऊपरी हिस्सा पकड़ लिया । उसने एक आतंकवादी को गोली चलाने की स्थिति में राइफल को पकड़े हुए पाया लेकिन उसके द्वारा गोली चलाए जाने से पहले ही श्री गुंड ने राइफल छीन ली और आतंकवादी को दबोच लिया। आतंकवादी घायल था । इस बीच आतंकवादियों तथा श्री के० एस० फोनियां की अगुवाई वाले दल के बीच करीब 30 मिनट तक रुक-रुक कर गोली चलती रही । इसके बाद कुछ देर तक शांति रही । तब श्री फोनियां और उनका दल फिर से आगे बढ़ा । इस दल पर बहुत नजदीक से भारी गोलीबारी हुई। एक बार फिर उन्होंने मोर्चा लिया और तब आतंकवादियों पर हथगोले फेंकने का निर्णय लिया गया । श्री फोनियां ने हथगोले फेंके जिस पर आतंकवादियों ने गोली चलाना बंद कर दिया । एक बार फिर वे धान के खेतों में आगे बढ़े और एक आतंकवादी को ए० के० 47 राइफल पकड़े हुए वहां छिपा हुआ देखा । लेकिन आतंकवादी के श्री फोनियां पर गोली चला पाने से पहले ही उन्होंने आतंकवादी पर अपनी पिस्तौल से गोली चलाई और उसे उसी जगह मार डाला । गिरफ्तार किया गया घायल आतकवादी बाद में पुलिस स्टेशन धारीवाल ले जाते हुए रास्ते में ही मर गया । मुठभेड़ में तीनों आतंकवादी मारे गए जिनकी पहचान बाद में जसबीर सिंह उर्फ बाबा बुलेट हरदयाल सिंह तथा लखविंदर सिंह उर्फ सीतल सिंह के रूप में की गई । तलाशी के दौरान एक ए० के०-47 राइफल एक .303 राइफल एक दोनाली बंदुक और बड़ी संख्या में जीवित खाली कारतूस मुठभेड़ स्थल से बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री के० एस० फोनियां, सहायक कमांडेंट और एस० सी० गुंड लांस नायक ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 19 अक्तूबर 1990 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 28-प्रेज 93—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद :

श्री सुनील मोहन,
उप-निरीक्षक,
76 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री नाहर सिंह,
हेड कांस्टेबल,
76वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 15 मार्च 1991 को करीब 23.00 बजे उप-निरीक्षक सुनील मोहन के नेतृत्व में एक विशेष गश्ती दल गांव पोशवाड़ी में उग्रवादियों के छिपने के संदिग्ध स्थानों पर छापा मारने के लिए रवाना हुआ । अगली सुबह, अर्थात् दिनांक 16 मार्च 1991 को करीब 4.30 बजे जिस समय यह दल बटालियन मुख्यालय लौट रहा था, और जब गांव पोशवाड़ी की मस्जिद के निकट पहुंचा तो मस्जिद में छिपे कुछ उग्रवादियों ने दल पर अत्याधुनिक हथियारों से गोली चलाई । उप-निरीक्षक सुनील मोहन ने जल्दी में स्थिति का आंकलन किया और जिस दिशा से गोलियां चल रही थी उस ओर जवाबी गोलीबारी की तथा तेजी से पेड़ों के पीछे मोर्चा संभाल लिया । इसके साथ-साथ दल के अन्य सदस्यों ने मस्जिद की घेरा बंदी कर ली और भाग निकलने के सभी रास्तों को बंद कर दिया । उग्रवादियों और गश्ती दल के बीच 6.30 बजे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही । जब उग्रवादियों की ओर से गोलीबारी तेज हो गई तो उप-निरीक्षक सुनील मोहन और हेड कांस्टेबल नार सिंह ने अपनी निजी सुरक्षा की बिल्कुल चिन्ता किए बिना उन चारों उग्रवादियों पर भारी गोली बारी की जो मस्जिद के गेट के पीछे से गोलियां चला रहे थे तथा इस प्रक्रिया में उन सभी चारों उग्रवादियों को मार डाला जो मस्जिद के गेट के निकट छिपे थे । इस दौरान मस्जिद की ऊपर की मंजिल से उग्रवादियों ने हथगोले फेंके तथा अन्य उग्रवादियों ने सीमा सुरक्षा बल के दल पर अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी । सूचना के प्राप्त होते ही यूनिट के कमांडेंट कुमक सहित घटनास्थल की ओर चल दिए और गोलीबारी के जारी रहते हुए ही घटनास्थल पर पहुंच गए । उग्रवादियों की ओर से गोलीबारी करीब 8.30 बजे रुकी । उसके बाद स्थानीय व्यक्तियों सहित सीमा सुरक्षा बल के दल ने मस्जिद की तलाशी ली तो सात उग्रवादियों के शव बरामद हुए जिनमें से एक मस्जिद के भीतर तथा 6 गेट के सामने बाहर की ओर आंगन में पड़े मिले । मृत उग्रवादियों की बाद में मौ० मुश्ताक भट्ट, फैज अहमद मलिक, मौ० अयूब भट्ट, गुलाम मोहिनुद्दीन डूगर, बशीर अहमद, एयाज अहमद लोनी और शोकेब अहमद वानी के रूप में पहचान की गई । मुठभेड़ स्थल की तलाशी लेने पर वहां से 4 ए० के०-56 राइफलें, एक सब-मशीन गन, 6 हथगोले, 10 डिटोनेटर्स तथा बड़ी मात्रा में कारतूस तथा विस्फोटक सामग्री बरामद की गई ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री सुनील मोहन, उप-निरीक्षक तथा नार सिंह, हेड कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ते भी दिनांक 15 मार्च, 1991 से दिए जायेंगे ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1993

सं० 29-पेज/93—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारियों के नाम तथा पद :

श्री प्रीतम सिंह भान,
सूबेदार,
57वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री मेहर सिंह,
हेड कांस्टेबल,
57वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री बजरंग सिंह,
हेड कांस्टेबल,
57वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री के० के० पाठक,
हेड कांस्टेबल,
57वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री श्याम सिंह,
कांस्टेबल,
57वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 27 नवम्बर, 1990 को करीब 7.00 बजे कमालपुर सीमा चौकी के अधीन टेंट चौकी, चंडीगढ़ पर 57वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल का एक हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल ओ० पी० टावर के पास ओ० पी० टीम का इंतजार कर रहे थे जो उन्हें रिलीव करने वाली थी। उस समय नाका क्षेत्र घने कोहरे से ढका हुआ था और करीब 7.00 बजे हेड कांस्टेबल ने तीन आदमियों के साए देखे, जिनकी पीठ पर कुछ बोझा रखा हुआ था तथा जो नाका लाइन के पीछे करीब 30 गज की दूरी पर उगे हुए घने सरकंडों में घुसे रहे थे । उसने तुरन्त ही शोर मचाया और इसे सुनकर कंपनी कमांडर सहित अन्य नाका कर्मी

तुरन्त ही वहां पहुंचे और उस क्षेत्र को घेर लिया । कंपनी कमांडर ने घटना के बारे में बटालियन हैड क्वार्टर को सूचित कर दिया और उसके बाद कमालपुर और कासोवाला में स्थित पड़ोसी कंपनियों से अतिरिक्त टुकड़ियां मांगी ।

कंपनी कमांडर ने पहले उस क्षेत्र की ओर एल० एम० जी० से गोलियां चलाई जिधर घुसपैठिए बचकर भाग गए थे । चूंकि उधर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई इसलिए उन्होंने प्रकाश करने वाले बम फेंके और इसके बाद 3 एच० ई० बम फेंके लेकिन कोई उत्तर नहीं आया । तब उन्होंने अपने साथ एक टुकड़ी ली और उसे क्षेत्र पर आक्रमण करने के लिए पूर्वी दिशा में गए । करीब 100 गज तक आगे बढ़ने के बाद टुकड़ी के सामने एक बड़ा खड्डा था, जिसे पार करना खतरे से भरा था । उन्होंने अपनी योजना बदल दी और पश्चिमी दिशा से आगे बढ़े । बाद में सूबेदार पी० एस० मान की सहायता से कंपनी कमांडर ने आक्रमण के लिए विस्तृत फार्मेशन में सामने से हमला करने हेतु दो ग्रुप बनाए । आक्रमण दल ने सरकंडों के झंड में 5 हथगोले फेंके लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई ।

करीब 50 गज चलने के बाद यह दल खड्डे के पास पहुंचा । कंपनी कमांडर ने अपने दल को रोका । लेकिन सूबेदार पी० एस० मान, हेड कांस्टेबल बजरंग सिंह, के० के० पाठक, मेहर सिंह और कांस्टेबल श्याम सिंह ने गोली चलाते हुए सीधे आगे बढ़ने का निर्णय लिया । अचानक विपरीत दिशा से गोलियों की बौछार हुई । दल ने गति कर ली और उस स्थान की ओर तेजी से आगे बढ़े जिधर से गोलियां चलाई गई थी ।

इसी बीच उन्होंने तीन सशस्त्र घुसपैठियों को देखा जो स्वचालित हथियारों से आक्रमण दल पर गोली चला रहे थे । इस प्रक्रिया में हेड कांस्टेबल मेहर सिंह को सीधे हाथ में कोहनी के ऊपर गोलियां लगीं । गंभीर चोट लगने और तेजी से खून बहने के बावजूद उसने विकट साहस और दृढ़ निश्चय से घुसपैठियों पर गोली चलाई और उनमें से एक को मार डाला ।

कांस्टेबल श्याम सिंह और हेड कांस्टेबल पाठक ने दो घुसपैठियों को आक्रमण दल पर गोली चलाते हुए देखा । अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना कांस्टेबल श्याम सिंह घुसपैठियों की ओर बढ़ा लेकिन उनके द्वारा अंधाधुंध गोली चलाए जाने से उसके दांए टखने में गोली लग गई । तेजी से खून बहने के बावजूद उसने अपनी एम० एल० आर० से उनमें से एक घुसपैठिये को मार डाला ।

इस बीच सूबेदार पी० एस० मान ने स्थिति का जायजा लिया और बिना समय गंवाए वे, हेड कांस्टेबल बजरंग सिंह और के० के० पाठक के साथ गड्ढे में कूद गए तथा औरों को भी तेजी से रेड के लिए प्रेरित किया । श्री मान को अपने एकदम नजदीक देखकर उनमें से एक आतंकवादी हड़बड़ा गया और उसने बिना लक्ष्य साधे गोली चलाई । इस स्थिति का फायदा उठाकर एक सैकेण्ड से भी कम समय में श्री मान ने आतंकवादी पर गोली चलाई और उसे वहीं मार डाला ।

इसी मध्य श्री बजरंग सिंह, आतंकवादियों द्वारा भारी गोलीबारी के बावजूद, एक आतंकवादी पर टूट पड़े और अपनी कार्बाइन से उसे वहीं पर मार डाला ।

गड्ढे में कूदने के बाद हेड कांस्टेबल के० के० पाठक अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, आक्रमण दल पर फायरिंग करने वाले एक आतंकवादी की ओर बिजली जैसी तेजी से दौड़े । यह देखकर आतंकवादी ने फिर श्री पाठक पर गोली चलाई लेकिन श्री पाठक ने तुरन्त ही प्रत्याक्रमण करते हुए अपनी कार्बाइन से गोलियां चलाईं और उसे वहीं पर मार डाला । तलाशी के दौरान आतंकवादियों के पांच शव और भारी मात्रा में हथियार/गोली बारूद, विस्फोटक और करेंसी नोट तथा आसूचना की दृष्टि से बहुत से बहुमूल्य दस्तावेज मुठभेड़ स्थल से बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री प्रीतम सिंह मान सूबेदार मेहर सिंह, बजरंग सिंह, के० के० पाठक, हैड कांस्टेबल और श्याम सिंह, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 27 नवम्बर, 1990 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 30-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री बिधि चन्द,
उप-निरीक्षक,
151वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

मलर कोटला-जर्ग सड़क पर गांव बंग में एक फार्म हाऊस में दो सशस्त्र उग्रवादियों के छिपे होने के बारे में पुलिस स्टेशन मलर कोटला में 25 जून, 1991 को विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई । मलर कोटला के पुलिस सहायक अधीक्षक ने तत्काल, पुलिस पार्टी और सीमा सुरक्षा बल की 151वीं बटालियन के उप-निरीक्षक बिधि चंद के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल की पार्टी को लोक निर्माण विभाग के विश्राम

गृह, मलर कोटला में एकवित होने का निदेश दिया। उन्होंने पुलिस/सीमा सुरक्षा बल कार्मिकों को समझाया। वे गांव बंग गए और फार्म हाऊस को घेर लिया। तीन पार्टियां बनायी गई, मलर कोटला के पुलिस सहायक अधीक्षक के नेतृत्व में एक पार्टी ने पड़ोस के मकान की छत पर मोर्चा संभाला, उप-निरीक्षक बिधि चंद के नेतृत्व में दूसरी पार्टी ने सामने से मोर्चा संभाला और सीमा सुरक्षा बल कार्मिकों के तीसरे ग्रुप ने फार्म हाऊस के कमरों के पीछे मोर्चा संभाला। इसके बाद पुलिस सहायक अधीक्षक ने आतंकवादियों और फार्म हाऊस के निवासियों को आत्म समर्पण करने के लिए ललकारा। इस पर फार्म हाऊस के मालिक का परिवार बाहर आ गया लेकिन फार्म हाऊस के कमरों में मोर्चा संभाले हुए आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से पुलिस पार्टियों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस पार्टियों ने गोलीबारी का जवाब गोलीबारी से दिया। इसी दौरान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, संगरूर घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने कारवाई की कमांड संभाल ली और लाउड स्पीकर से बोलते हुए आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा लेकिन वे पुलिस कार्मिकों पर गोलियां चलाते रहे। कुछ समय बाद, एक पुलिस पार्टी फार्म हाऊस के छत पर पहुंच गई और मकान की छत पर छेद करके अश्रु गैस के गोले/एच॰ ई॰ 36 हथगोले अंदर डाले। इस पर घरेलू सामान पर आग लग गयी और एक आतंकवादी बाहर आया और उसने श्री चन्द के नेतृत्व वाली सीमा सुरक्षा दल की पार्टी पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। श्री बिधि चन्द ने, जो फार्म हाऊस के सामने थे अपने जीवन की परवाह न करते हुए आतंकवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी के सामने आ गए और अपनी स्टैनगन से दृढ़तापूर्वक उस आतंकवादी पर गोली चलाई, जो सीमा सुरक्षा बल की पार्टी पर गोलियां चला रहा था। इसके परिणामस्वरूप आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारा गया। 4 घंटे तक गोलीबारी होती रही। उसके बाद आतंकवादियों की तरफ से गोलीबारी बंद हो गयी। तलाशी के दौरान फार्म हाऊस के परिसर में एक उग्रवादी का शव मिला और एक दूसरा शव गिरे हुए छत के मलबे में दबा हुआ पाया गया। फार्म हाऊस के कमरों से कुछ आधुनिक हथियार, गोला बारूद और एक स्कूटर बरामद हुआ। मृत आतंकवादियों की शिनाख्त जगरूप सिंह और जगजीत सिंह के रूप में की गयी, जो श्री डी॰ एस॰ मंगत, पुलिस महानिदेशक, पंजाब, लुधियाना में श्री ओ॰ पी॰ मल्होत्रा, पंजाब के भूतपूर्व राज्यपाल, श्री सुबोध कान्त सहाय, भूतपूर्व गृह राज्य मंत्री पर कातिलाना हमला करने की घटनाओं में अन्तर्ग्रस्त थे और निर्दोष लोगों की हत्याओं के लिए भी जिम्मेदार थे।

इस मुठभेड़ में श्री बिधि चंद, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 25 जून, 1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं॰ 31-प्रेज/93—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद :

श्री एम॰ के॰ सेठ,
कमांडेंट,
142वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री प्रेम सिंह,
सूबेदार,
142वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 10 अक्तूबर, 1991 को सूचना प्राप्त हुई कि हिज़बुल मुजाहिदीन ग्रुप के उग्रवादियों की एक बैठक गांव मानीविज में हो रही है। श्री मुनिन्दर कुमार सेठ, कमांडेंट 142वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल, ने उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए कारवाई की एक योजना बनाई। तीन अलग-अलग दल बनाए गए, पहला वह जो रथीपुरा-रिशीपुरा पर बाहर जाने के रास्तों को बंद करे, दूसरा दल वह जो गांव गलहुग से बाहर जाने के रास्ते बंद करे तथा तीसरा वह जो गांव काकापुरा से उग्रवादियों के छिपने के स्थान की ओर बढ़े। जब दो दलों द्वारा बाहर जाने के रास्ते बंद कर दिए गए, तो सूबेदार प्रेम सिंह के नेतृत्व वाला दल गांव काकापुरा की ओर से आगे बढ़ा। उसी समय श्री सेठ ने अपनी कमांडो प्लाटून को रत्नीपुरा से गांव मानीविज के अन्दर प्रवेश कराया। जब वे गांव मानीविज के निकट पहुंच रहे थे तो गांव मानीविज से रत्नपुरा की ओर भागने का प्रयास करते रहे उग्रवादियों द्वारा उन पर गोलियां चलाई गईं। श्री सेठ और उनके दल ने आत्म सुरक्षा में जवाबी गोलियां चलाई तथा उनके छिपने के स्थान की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। तदोपरान्त, श्री सेट और उनका दल, सरगर्मी से उग्रवादियों की तलाश करते हुए गांव मानीविज में घुसे। उग्रवादियों ने पुनः पुलिस दल पर भीषण गोलीबारी की। एक घर में छिपे एक उग्रवादी ने श्री सेट पर गोली चलाई, लेकिन वे सौभाग्यवश घायल नहीं हुए। गोलियां उनके पास से होती हुई निकल गई। अपनी निजी सुरक्षा की चिंता किए बिना तुरन्त ही रेंगकर वे उस घर तक गए और ए॰ के॰-47 राईफल से उग्रवादी पर गोली चला कर उसे वहीं मार गिराया। इसी बीच जब सूबेदार प्रेम सिंह के नेतृत्व वाला

दल गांव मानीविज के बाहरी क्षेत्र के निकट पहुंचा तो गार्ड ड्यूटी पर तैनात एक उग्रवादी ने श्री प्रेम सिंह पर गोली चलाई । श्री प्रेम सिंह ने तुरन्त गोलियां चलाईं । श्री सिंह ने अपने दल को पुनः संगठित किया और उनके छिपने के ठिकाने की ओर बढ़े । तब तक उग्रवादियों ने उन पर और उनके दल के सदस्यों पर भी भीषण गोलीबारी शुरू कर दी थी । अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना सूबेदार प्रेम सिंह ने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और भीषण गोलीबारी के बीच उग्रवादियों के छिपने के स्थान पर आक्रमण किया । इस प्रकार, वह एक उग्रवादी का खात्मा करने में सफल हो गए । उसके बाद श्री सेठ और सूबेदार प्रेम सिंह ने अपने-अपने दलों के साथ युक्तिपूर्ण ढंग से उग्रवादियों का पीछा किया और भागते हुए उग्रवादियों में से एक उग्रवादी को मार डालने में सफल हो गए । इस मुठभेड़ में कुल मिलाकर तीन आतंकवादी मारे गये । उनकी बाद में जावेद एहमद नायक, शरीफ अहमद डर, और मोहम्मद सफी मीर के रूप में पहचान की गई । इसके अलावा घटनास्थल से हिजबुल मुजाहिदीन गिरोह के दो अन्य प्रमुख उग्रवादी भी गिरफ्तार किए गए । हत्या सहित आतंकवादी के कई मामलों में वे ग्रस्त थे । तलाशी के दौरान, घटनास्थल से बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोला बारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री एस० के० सेठ, कमांडेंट और प्रेम सिंह, सूबेदार ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 10 अक्तूबर, 1991 से दिए जाएंगे ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 32-प्रेज/93-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा प.

श्री रेवी चन्द, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
161वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 19 अप्रैल, 1991 को करीब 5.15 बजे, 2-3 बंगलादेशी नागरिक भारतीय क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों द्वारा प्रयुक्त की जाने वाली फूंस की एक छोटी झोंपड़ी को आग लगाने के लिए घुस आए । सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों ने इन अपराधियों को देख लिया । उन्होंने उनमें से एक को पकड़ लिया और दूसरा भाग गया करीब 0600 बजे कुछ बंगलादेश अपराधी गांव बेहरोल (फुलबाड़ी) में घुस गए और उन्होंने फसलों को नष्ट करने तथा उस बंगलादेशी नागरिक को छुड़ाने की कोशिश की, जिसे सीमा सुरक्षा बल की टकड़ी ने पकड़ा हुआ था । उन्होंने 4 भैंसों को भी हांक ले जाने की कोशिश की ।

शोरगुल सुनकर, सीमा सुरक्षा बल की 161 वीं बटालियन के कमांडर पाल सिंह और कांस्टेबल देवी चन्द घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। अपराधियों द्वारा बचकर भागने के रास्ते को बन्द करने हेतु कांस्टेबल देवी चन्द स्वयं इंस्पेक्टर पाल सिंह से 50-60 गज आगे पहुंचे । उसने असमतल भूमि के पीछे पोजीशन ली । लेकिन उस समय उनके आश्चर्य का ठिकाना न रहा जब उन्होंने देखा कि बंगलादेश राइफल्स और एल० एम० जी० के साथ पहले ही मोर्चा संभाला हुआ था । यह देखकर कांस्टेबल देवी चन्द बाहर निकले और बीस गज के अन्दर ही उन्होंने दूसरा मोर्चा संभाला लिया । वहां पर सूबेदार पाल सिंह भी उनसे आ मिले। सीमा सुरक्षा बल और बंगलादेश राइफल्स दोनों ने एक दूसरे पर गोली चलानी शुरू कर दी । जबकि कुछ अपराधी बंगलादेश को वापस भाग जाने में सफल हो गए थे । फुलबाड़ी सीमा चौकी से दो अन्य कांस्टेबलों ने भारतीय क्षेत्र में उनके पीछे 200 गज की दूरी पर पोजीशन संभाल ली थी। जब उनका गोला बारूद लगभग खत्म हो गया तो कांस्टेबल देवी चन्द और सूबेदार पाल सिंह धीरे-धीरे पीछे हटने लगे। यह देखकर अपराधी और बंगलादेश राइफल्स के कर्मी उन्हें चारों ओर से घेरने और उन पर काबू करने के लिए उनकी ओर बढ़ने लगे । बंगलादेश राइफल्स के जवानों ने सर्वश्री देवी चन्द और पाल सिंह पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी । उनमें से कुछ ने बाद में देवी चन्द को पकड़ लिया और उन्होंने उस पर दरांती और भालों से आक्रमण करना शुरू कर दिया । कांस्टेबल देवी चन्द उस समय तक उनके साथ लड़ता रहा जब तक कि वह बुरी तरह घायल नहीं हो गया । बाद में घायल अवस्था में उस पर काबू कर लिया गया और अपराधियों द्वारा उसे निर्दयता से मौत के घाट उतार दिया गया । इस प्रकार श्री देवी चन्द ने बंगलादेशी अपराधियों और बंगलादेश राइफल्स के कार्मिकों के साथ लड़ते हुए वीरता पूर्वक अपना बलिदान कर दिया। वे, कांस्टेबल देवी चन्द का शव अपने साथ ले गए, जिसे बाद में फ्लैग मीटिंग के माध्यम से बहुत प्रयास करने के बाद वापस लिया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री देवी चन्द, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप

नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 19 अप्रैल, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 33-प्रेज/93—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री मदन लाल बंगा,
सहायक कमांडेंट,
194 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री अवतार सिंह,
सूबेदार,
194वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री चांद राम कांस्टेबल
194वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 24 फरवरी, 1991 को लगभग 16.30 बजे यह विशिष्ट सूचना मिलने पर कि कुछ कुख्यात आतंकवादी गांव बेगोवाल, कपूरथला में एक घर में छिपे हुए हैं । सीमा सुरक्षा बल की 194वीं बटालियन की 'ई' कम्पनी के कम्पनी कमांडर सूबेदार अवतार सिंह अपनी कम्पनी (कांस्टेबल चांद राम सहित) के साथ तुरन्त घटनास्थल पर गए । इसी बीच श्री मदन लाल बंगा, 'बी' कम्पनी के सहायक कमांडेंट भी घटनास्थल पर पहुंच गए । उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और गांव की घेराबंदी कर दी और भागने के सभी सम्भावित रास्तों को बंद कर दिया । आतंकवादियों का पता लगाने के लिए घर-घर की तलाशी लेने के लिए दो तलाशी दल बनाए गए । एक दल का नेतृत्व श्री मदन लाल बंगा ने किया, जिसमें सीमा सुरक्षा बल और पुलिस कार्मिक थे ।और दूसरे दल का नेतृत्व सूबेदार अवतार सिंह ने किया, जिसमें कांस्टेबल चांद राम और पुलिस कार्मिक थे । जब सूबेदार अवतार सिंह और उनका दल महर सिंह के घर के नजदीक पहुंचा तो उन्होंने देखा कि घर के पेरा-मीटर दीवार के दरवाजे पर बाहर से ताला लगा हुआ है कुछ संदेह होने पर उन्होंने पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल को दीवार पर चढ़कर घर के अन्दर देखने का आदेश दिया । जैसे ही कांस्टेबल दीवार के ऊपर चढ़ा, उग्रवादियों ने घर के अंदर से उस पर गोलियों की जबरदस्त बौछार कर दी, जो कांस्टेबल को लगी, जिसके परिणामस्वरूप वह गिर गया और घटनास्थल पर ही मर गया, उसकी ए० के०-47 राईफल पेरामीटर दीवार के भीतर गिर गयी । आतंकवादियो ने स्वचालित हथियारों से, दरवाजे से तलाशी दल पर भी भारी गोला-बारी की, लेकिन सूबेदार अवतार सिंह बाल-बाल बच गए । अंधाधुंध गोलीबारी के बावजूद सूबेदार अवतार सिंह ने संतुलन नहीं खोया और अपने दल को मोर्चा संभालने और आत्म रक्षा में गोली चलाने का आदेश दिया । उन्होंने स्वयं नजदीक के मकान की दीवार के पीछे मोर्चा संभाला और आतंकवादियों की ओर गोलियां चलायी । इसी बीच, जब उन्होंने देखा कि एक आतंकवादी सीढ़ियों से छत पर जाने की कोशिश कर रहा है, उन्होंने तत्काल, आतंकवादी पर गोली चलायी और उसे घटनास्थल पर ही मार दिया ।

इसी बीच कांस्टेबल चांद राम ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए नजदीक के घर की दीवार के साथ मोर्चा संभाल लिया और आतंकवादी पर गोलियां चलायी । कांस्टेबल चांद राम की इस कारवाई ने अन्य कार्मिकों को साहस के साथ आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए प्रोत्साहित किया । श्री चांद राम निडरता और दृढ़ निश्चय के साथ घर की छत पर चढ़े ।

इसी बीच, श्री बंगा ने गोलीबारी की आवाज सुनी और वे अपने दल के साथ तुरन्त घटनास्थल पर गए, और उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बैगर उग्रवादियों को उलझाए रखा । उग्रवादियों ने घर में अच्छी प्रकार मोर्चा लगाया हुआ था और सीमा सुरक्षा बल पुलिस पार्टियों पर अंधाधुंध गोलियां चला रहे थे । श्री बंगा ने नेतृत्व संभाला और कार्मिकों को संवेदनशील स्थानों पर पुनः तैनात किया ताकि उग्रवादी भाग न सकें । श्री बंगा पिछवाड़े से मकान की छत पर चढ़े । छत पर चढ़ने पर उन्होंने उपलब्ध कार्मिकों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया और उग्रवादियों पर गोलियां चलायी । श्री बंगा ने, कांस्टेबल चांद राम तथा अन्य कार्मिकों के साथ, सात छेद (प्रत्येक कमरे में एक छेद) किये और 13 हथगोले अंदर फैंके । कारवाई चार घंटे से अधिक समय चली । उसके बाद आतंकवादियों की तरफ से गोलीबारी बंद हो गयी । तलाशी के दौरान दो शव बरामद हुए, मृतक आतंकवादियों की शिनाख्त बाद में गुरनाम सिंह चीना और बलविन्दर सिंह के रूप में की गयी । तलाशी के दौरान मुठभेड़ के स्थान से एक ए० के०-47 राईफल, एक .303 राईफल और बड़ी मात्रा में खाली/सक्रिय कारतूस बरामद हुए । दोनों आतंकवादी 100 से अधिक हत्याओं में अंतर्ग्रस्त थे ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मदन लाल बंगा, सहायक कमांडेंट, अवतार सिंह, सूबेदार और चांद राम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 24 फरवरी, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1993

सं० 34-प्रेज/93—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री विश्वम्भर सिंह, मरणोपरान्त
पुलिस उप-अधीक्षक,
33वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

गांव मोजियान में उग्रवादियों की गतिविधियों के बारे में प्राप्त सूचना पर 22 फरवरी, 1991 को एक संयुक्त अभियान की योजना बनायी गयी । श्री विश्वम्भर सिंह, पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक कम्पनी और सर्वश्री टी० के० कदतारे, हैड कांस्टेबल और महावीर प्रसाद, कांस्टेबल सहित 5 प्लाटूनें थाना वाबल में एकत्रित हुई और घेराबंदी और तलाशी के अभियान के बारे में उन्हें समझाए जाने के बाद, पुलिस कार्मिकों को 6 दलों में विभाजित किया गया और उन्होंने अपना-अपना मोर्चा संभाला और तलाशी अभियान शुरू किया गया । जब श्री विश्वम्भर सिंह अपने कार्मिकों के साथ लगभग 1130 बजे गुरुद्वारा की पश्चिमी दिशा में घर-घर की तलाशी ले रहे थे तो वे श्री सरदूल सिंह उर्फ काला मालवी के घर में पहुंचे और पाया कि वहां पर दो अन्य मकानों से जुड़ा हुआ एक कच्चा मकान है जिसके एक कमरे में ताला लगा हुआ था कुछ गलत बात का आभास होने पर उन्होंने दरवाजा तोड़ने की कोशिश की लेकिन ताला लगे कमरे के भीतर छिपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस दल पर नजदीक से अचानक अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी और हथगोले फेंके, जिसमें पंजाब पुलिस के दो कार्मिक घटनास्थल पर ही मारे गए जबकि श्री विश्वम्भर सिंह और एक अन्य नागरिक को गोली लगने से गम्भीर चोटें आयी । इसी बीच गोलियों की आवाज सुनकर दूसरा पुलिस दल तुरन्त घटना स्थल पर गया और घर की घेराबन्दी कर ली । आतंकवादियों ने कमरे के भीतर से पुलिस दल पर पुनः अंधाधुंध गोलियां चलायी और पुलिस दल को रोके रखा । भारी गोलीबारी से विचलित न होते हुए, पुलिस दल ने गोलियों का जबाब गोलियों से दिया लेकिन यह अधिक प्रभावकारी सिद्ध नहीं हुआ । गम्भीर रूप से जख्मी होने के बावजूद श्री सिंह, आतंकवादियों पर गोलियां चलाते रहे और उनको भागने नहीं दिया और साथ ही साथ उन्होंने अपने कार्मिकों के जीवन की भी रक्षा की । आतंकवादियों द्वारा इतनी अधिक भारी गोलीबारी की जा रही थी कि वहां से न तो आगे बढ़ना संभव था और न ही जख्मी तथा मृत पुलिस कार्मिकों को वहां से हटाना संभव था । इस स्थिति में श्री टी० के कदतारे, हैड कांस्टेबल और श्री महावीर प्रसाद, कांस्टेबल ने अत्यधिक साहस दिखाया और अपने जीवन के प्रति भारी खतरे की स्थिति में, भारी गोलीबारी में जख्मी श्री सिंह की तरफ रेंगते हुए गए और श्री सिंह को तथा अन्य मृत व्यक्तियों को बाहर निकालने में कामयाब हो गए । उसके बाद श्री सिंह तत्काल सिविल अस्पताल, झावल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया । जल्दी से स्थिति का जायजा लिया गया और योजना के अनुसार श्री फोतेदार, श्री प्रसाद और अन्य कार्मिकों के साथ साहस के साथ उस मकान के छत पर गए जहां आतंकवादी छिपे हुए और उन्होंने छत पर छेद किए, लेकिन उन पर भारी गोलीबारी की गयी । इन कार्मिकों ने दृढ़तापूर्वक और अपने जीवन की रक्षा की परवाह न करते हुए छत पर छेद किए और तेजी के साथ कमरे के भीतर एक के बाद एक हथगोले फेंके, जिसके परिणामस्वरूप छत में आग लग गई और छत गिर गई आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी अंततः बंद हो गयी और खोज करने पर वहां से दो शव पाए गए, जिनकी शिनाख्त बाद में, हरदीप सिंह, सेना का एक भगोड़ा, जो 100 से अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेवार था और पूरन सिंह, सेना का ही एक भगोड़ा के रूप में की गयी । मृतकों से दो मैगजीनों के साथ एक आई० ए०-7.62 स्वचालित राइफल, दो मैगजीनों के साथ एक ए० के० 74 राइफल, एक .30 पिस्तौल, एक एच० ई० 36 और अन्य शस्त्र तथा गोलाबारूद बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री विश्वम्भर सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 22 फरवरी, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 35-प्रेज/93—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री सरजू पाण्डे,
उप-निरीक्षक,
72वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री एम० एन० गुण्डले,
कांस्टेबल,
72वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 2 मार्च, 1990 को सूचना प्राप्त हुई कि बब्बर खालसा ग्रुप के भूपिन्दर सिंह उर्फ भोला, नामक एक स्वयंभू लेफ्टिनेंट जनरल के नेतृत्व में एक गिरोह जोकि रात के दौरान सीमा के आर-पार क्षेत्रों में कार्रवाई करता है, गांव एकले गुड्डा, थाना झन्डियाला में मीटिंग करने वाला है । स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रूप से घात लगाने का निर्णय लिया गया । योजनानुसार, घात लगाने वाले चार दलों को निर्दिष्ट किया गया तथा विस्तृत जानकारी दिए जाने के बाद घात लगाने वाले दल करीब 20.00 बजे गांव मालवाक पहुंचे और अपने वाहनों को एस० पी० ओ० मालवाक चौक पर छोड़कर वे वहां से पैदल रवाना हुए और सभी घात लगाने वाले सभी दलों ने लगभग 21.00 बजे अपने मोर्चे संभाल लिए । उसी समय गांव एकले गुड्डा से गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी । करीब 23.30 बजे निगरानी रखते हुए और नाईट विजन यंत्र से देखे जाने पर यह पाया गया कि चार आतंकवादी, घात लगाने वाले दलों की ओर आ रहे हैं । जैसे ही आतंकवादी घात लगाने वाले दलों में से एक दल के करीब पहुंचे तो दल ने उनको ललकारा परन्तु आतंकवादियों ने घात लगाने वाले दल पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया जिसका समुचित जवाब दिया गया । घात लगाने वाला दल प्राकृतिक आड़ के पीछे इतने अच्छे तरीके से छिपा था कि आतंकवादी उनको किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा सके तथा जवाबी गोलीबारी के कारण एक आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारा गिराया गया जब कि शेष तीन आतंकवादी घायल होने के बावजूद भी उस दिशा में भागे जहां श्री पाण्डे मोर्चा संभाले प्रतीक्षा कर रहे थे । श्री पाण्डे द्वारा आतंकवादियों को ललकारे जाने पर उन्होंने भीषण गोलीबारी करना शुरू कर दिया परन्तु अपने जीवन की चिन्ता किये बिना श्री पाण्डे भारी गोलीबारी के बीच भाग रहे आतंकवादियों का पीछा करने लगे । इस बीच श्री गुण्डले एक एल० एम० जी० हाथ में लिए श्री पाण्डे के साथ भागने लगे तथा दोनों मिलकर आतंकवादियों को रोकने में सफल हो गए । यद्यपि तीनों आतंकवादी घायल थे, परन्तु भागते हुए भी वे पीछा कर रहे घात लगाने वाले दल पर गोली चलाते रहे । परन्तु पुलिस दल के दृढ़ निश्चय को नहीं तोड़ पाए और इस प्रक्रिया में वे तीनों वहीं मर गए । कुछ समय बाद जब आतंकवादियों की ओर से किसी प्रकार की गोलीबारी नहीं हुई तो लाईटों की सहायता से पूरे क्षेत्र की तलाशी ली गई और सभी चारों आतंकवादियों के शव बरामद किए गए । मारे गए चारों में से एक की शिनाख्त भूपिन्दर सिंह उर्फ भोला के रूप में पहचान की गई जब कि अन्य तीन बब्बर खालसा दल के रंजीत सिंह उर्फ बिट्टू, दिलबाग सिंह और करनजीत सिंह थे । घटनास्थल से बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोला बारूद बरामद किया गया भूपिन्दर सिंह के नाम पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री सरजू पाण्डे, उप-निरीक्षक और एम० एन० गुण्डले, कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 मार्च, 1990 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 36-प्रेस/93—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री बजरंगी धर दूबे
उप निरीक्षक
तीसरी बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री अब्दुल कलाम
कांस्टेबल
84 बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री हरपाल सिंह
कांस्टेबल
66 बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री पी० सुधाकरन नायर
कांस्टेबल
84 बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री आर० के० पाटिल
कांस्टेबल
66 बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 2 सितम्बर 1991 को श्री वी० वी० सिंह उप कमांडेंट (ऑ०) को सूचना प्राप्त हुई कि करीब 12.30 बजे 9-10 आतंकवादियों का एक समूह पुलिस की वर्दी में एक स्वराज माजदा सं० पी० वी०-02-95113 में कामरेड स्वर्ण सिंह उर्फ टीटू जिन्हें सशस्त्र गार्ड दिया गया था के लोके गाँव स्थित घर पर दिए गए हथियारों के निरीक्षण

के बहाने आए और .303 की 6 राइफलें एक 7.62 पी० ए० राइफल तथा एक स्टेनगन के साथ-साथ कामरेड स्वर्ण सिंह को भी अपने साथ ले गए। सूचना प्राप्त होने के तुरन्त बाद श्री पी० वी० सिंह अपने एस्कार्ट तथा सिविल पुलिस के साथ आतंकवादियों का पीछा करते हुए गए। करीब 16.00 बजे यह पाया गया कि आतंकवादियों ने जसवन्त सिंह के फार्म हाउस के पास अपना वाहन छोड़ दिया था। इस सुराग के आधार पर श्री पी० वी० सिंह ने निकटवर्ती गन्ने/धान के खेतों की तलाशी का निश्चय किया लेकिन जैसे ही उन्होंने खेतों की तलाशी शुरू की छिपे हुए आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोली चलाई। श्री सिंह ने बिना विचलित हुए तथा परिणामों की परवाह किए बिना भारी गोली बारी के बीच अपने दल का नेतृत्व किया और गोली बारी का जवाब देकर आतंकवादियों को रोके रखा। इसी बीच श्री डी० ए० धनंजेयाह कमांडेंट कुमुक लेक घटनास्थल पर पहुंच गये, उन्होंने तत्काल स्थिति का जायजा लिया और नियंत्रण संभाल लिया इलाके को घेर कर उन्होंने श्री सिंह को गन्ने के खेत के और अधिक नजदीक जाने और हथगोला फेंकने के लिए कहा जिसके प्रभाव से छिपे हुए आंतकवादी जान बचाने के लिए भागने लगे और इसी भगदड़ में कामरेड स्वर्ण सिंह भी बचकर भाग निकले। 3 सितम्बर, 1991 को करीब 03.45 बजे धनन्जेयाह और श्री सिंह के अधीन पुलिस दल पर अचानक ही आंतकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी लेकिन साहसी अधिकारियों ने जवाब में गोली चलाई, जबकि श्री सिंह ने हथगोले फेंके और उनके बचाबर भागने के प्रयास को नाकाम कर दिया। कुछ समय बाद आतंकवादियों ने फिर एक और आत्म घाती प्रयास किया लेकिन इस समय यह प्रयास नहर की ओर किया गया था परन्तु इस बार भी उनके प्रयासों को श्री बजरंगी धर दूबे और उनके कर्मियों ने नाकाम कर दिया इस प्रकिया में श्री दूबे, अपनी जान के प्रति गंभीर खतरा उठाते हुए आगे बढ़े और एक आतकवादी को मार गिराया और उससे एक .303 रायफल बरामद कर ली। करीब 06.30 बजे गन्ने के खेत की तलाशी के लिए बुलेटप्रूफ ट्रैक्टरों का प्रयोग करने का निश्चय किया गया लेकिन ट्रेक्टर कीचड़ में धस गया जबकि टैक्टरों को देखकर आंतकवादियों ने अपना मोर्चा धान के खेतों में बदल लिया। धान के खेतों की तलाशी के लिए श्री सिंह के नेतृत्व में एक तलाशी दल तैनात किया गया। जब तलाशी जारी थी तो श्री सिंह और कांस्टेबल अब्दुल कलाम जो कि आगे-आगे थे, पर एकदम नजदीक से दो आंतकवादियों ने भारी गोलीबारी की और स्टिक बम भी फैंके लेकिन वे चमत्कारिक ढंग से बच गए और पूरी ताकत तथा साहस के साथ दोनों आतंकवादियों पर गोली चलाकर उन्हें मार डाला तथा उनसे .303 की 2 राइफलें, एक 7.62 राइफल तथा दो थैले बारूद के बरामद किए। चूंकि ये टुकड़ियां करीब 40 घंटे से बिना भोजन के बाहर ड्यूटी पर थी, इसलिए उन्होंने रात्रि सन्तरी ड्यूटी सीमा सुरक्षा बल को हस्तांतरित करने और अगली सुबह पूरे उत्साह से वापस आने तथा धान के खेतों की तलाशी फिर शुरू करने का निश्चय लिया। जैसे ही तलाशी फिर शुरू हुई, कांस्टेबल सुधाकरन नायर और उनकी टुकड़ी के साथ-साथ श्री धनंजेयाह पर भारी गोली बारी हुई लेकिन उन्होंने चतुराई से तथा बिना भोजन के बाहर ड्यूटी पर थी, इसलिए उन्होंने रात्रि सन्तरी ड्यूटी सीमा सुरक्षा बल को हस्तांतरित करने और अगली सुबह पूरे उत्साह से वापस आने तथा धान के खेतों की तलाशी फिर शुरू करने का निर्णय लिया। वैसे तो तलाशी फिर शुरू हुई, कांस्टेबल सुधाकरन नायर और उनकी टुकडी के साथ श्री धनंजेयाह पर भारी गोली बारी हुई लेकिन उन्होंने चतुराई से तथा रेंगते हुए अपने आपको गोलियों से बचाया। इसी बीच श्री सिंह और उसके दल ने विशेष दिशा से आतंकवादियों के नजदीक आना आरम्भ कर दिया। पुलिस दल को नजदीक आता देखकर आतंकवादियों ने निकटवर्ती खेतों में तितर बितर होना शुरू कर दिया और साथ ही साथ गोली चलाते रहे और बम फेंकते रहे। कांस्टेबल सुधाकरन नायर, कांस्टेबल हरपाल सिंह तथा कांस्टेबल आर० के० पाटिल के साथ श्री धनंजेयाह ने० एस० एल० आर० से फायर करते हुए एक आतंकवादी का सामना करके उसे गोली चलाकर मार डाला और उसकी एम० एल० आर० ले ली। मृत आतंकवादी की पहचान डा० सतनाम सिंह उर्फ सत्ता, स्वयंभू लेफ्टिनेंट जनरल वी० टी० के एफ के रूप में हुई जिसको पकड़ने के लिए 5 लाख रू० का इनाम था। अंतिम हमले के रूप में हुई गन्ने के खेत पर धावा बोलने का निर्णय लिया गया तथा कांस्टेबल आर० के० पाटिल और कांस्टेबल हरपाल सिंह के साथ भी धनंजेयाह और श्री सिंह एक ऐसे स्थान पर रेंगकर पहुंच गए जहां से उन्हें धावा बोलना था। लेकिन आतंकवादियों ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोली बारी की परन्तु इससे विचलित हुए बिना पुलिस दल ने जवाबी गोली बारी की और कई हथगोले फेंके तथा इस प्रकार आतंकवादियों को शांत करने में सफल हो गए। जब आतंकवादियों की ओर से गोली बारी बन्द हो गई तो तलाशी ली गई। अलग-अलग स्थानों पर तीन शव पड़े हुए पाए। इस मुठभेड़ में जो करीब तीन दिन अर्थात 2 सितम्बर, 1991 से 4 सितम्बर, 1991 तक चली, कुल मिलाकर 7 आतंकवादी मारे गए थे और उनसे .303 की 8 राइफल, 7.62 की एक राइफल, एक एस० एल० आर० और वायरलैस सैट तथा भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री बजरंगी धर दूबे, उप निरीक्षक, अब्दुल कलाम, हरपाल सिंह, आर० के० पाटिल, पी० सुधाकरन नायर, कांस्टेबलों ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(एक) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 सितम्बर, 1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1993

सं० 37-प्रेज/93—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

श्री हरदेव सिंह,
सहायक कमांडेंट,
66वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री मनफूल सिंह,
लांस नायक,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री सी० सी० दुराई,
कांस्टेबल,
66वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

यह गुप्त सूचना मिलने पर कि बी० टी० के० एफ० और के० सी० एफ० से संबंधित उग्रवादियों का एक ग्रुप, गांव जन्ड, जोधासिंहवाला तलवंडी, चांचाक और तलवंडी बोध सिंह के मन्ड क्षेत्र में कुछ जघन्य कार्य करने के लिए उस क्षेत्र में छिपे हुए हैं, तत्काल सम्पूर्ण क्षेत्र को 5 नवम्बर, 1990 की प्रातः घेर लिया गया । श्री हरदेव सिंह, ए० सी० (प्रचालन) जिसके नेतृत्व में घेरा बंदी की जा रही थी, ने गांव जन्ड के नजदीक घेरा बंदी की जांच करते समय, स्वचालित हथियारों से लैस कुछ आतंकवादियों की गतिविधियां देखी । आतंकवादियों की गतिविधियां देखने के तुरन्त बाद श्री एच० सिंह ने घेरा बंदी मजबूत कर दी और तलाशी शुरू कर दी । जब तलाशी दल ट्यूबवैल के नजदीक था तो उन पर ए० के०-47 राइफलों से भारी गोलीबारी की गई । देखा गया कि दो आतंकवादी रेत के बोरों के पीछे से गोली चला रहे हैं । हालांकि उन पर भारी गोलीबारी की जा रही थी लेकिन श्री एच० सिंह ने साहस नहीं छोड़ा तथा वे शांत चित रहे और अपनी पार्टी को जवाब में गोलियां चलाने के लिए कहा और वे स्वयं, कांस्टेबल सी० सी० दुराई के साथ, अपने जीवन की परवाह न करते हुए रेंगते हुए गए और दूसरे ट्यूबवैल की छत पर पहुंचे । इसी दौरान आतंकवादियों के एक दूसरे ग्रुप ने फार्म हाऊस से राकेट लान्चर, एल० एम० जी०, जी० पी० एम० जी० और ए० के०-47 राइफलों से गोलियां चलाई । लांस नायक मनफूलसिंह, जिन्होंने ट्यूबवैल पर आतंकवादियों को उलझाए रखा था, ने तुरन्त अपनी एल० एम० जी० का निशाना बदला और इस बात से देखकर होकर कि वे खुले में आ गये हैं, उस को उलझाए हुए थे जहां पर आतंकवादियों ने मिट्टी की मोटी प्लास्टर वाली दिवार वाली लांद के पीछे अच्छी प्रकार से मोर्चा बंदी की हुई थी । आतंकवादियों पर 3 स्थानों से 2 इंच मोरटार एल० एच० जी० और जी० एफ० राइफलों से एक साथ मिलकर गोलियां चलायी गयी, जिससे अंतिम हमला काफी आसान हो गया जो आलविन निशान वाहन से पंजाब पुलिस के कार्मिकों द्वारा किया गया । यह अभियान कई घंटों तक चला और इसके परिणामस्वरूप 7 कुख्यात आतंकवादी मारे गए और जी० पी० एम० जी० (एक) एक एल० एम० जी०, एक राकेट लान्चर एक सक्रीय राकेट 4 ए० के०-47 राइफल, 2 पिस्तौल और 203 सक्रीय कारतूस बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री हरदेव सिंह सहायक कमांडेंट, मनफूल सिंह लांसनायक और सी० सी० दुराई कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 5 नवम्बर 1990 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 38-प्रेज/93—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री वी० एन० यादव,
कांस्टेबल,
66वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 6 सितम्बर 1991 को 1100 बजे सूचना प्राप्त हुई कि गुरमीत सिंह बढ़ियाती एक खूंखार आतंकवादी तथा स्वयंभ लेफ्टिनेंट जनरल एक दूसरे खूंखार आतंकवादी के साथ करम सिंह के फार्म हाऊस में ठहरा हुआ है । सूचना प्राप्त होते ही तुरन्त 66वीं बटालियन के कमांडेंट और डी० सी० (प्रचालन) उपलब्ध कार्मिकों सहित जिनमें कांस्टेबल हरपाल सिंह और कांस्टेबल वी० एन० यादव शामिल थे उस स्थान की ओर चल दिये । उस क्षेत्र को घेर लेने का निर्णय लिया गया तथा आतंकवादियों को नागरिकों के साथ मिलने से रोकने के उद्देश्य से उस विशिष्ट फार्म हाऊस को घेर लिया गया तथा भाग निकलने के सभी संभव रास्तों को बन्द कर दिया गया । संदिग्ध घर की घेरा बन्दी करने के लिए तैनात किए गये बल का एक दल

घर के निकट पहुंचा । घर में छिपे हुए आतंकवादियों ने उस घर के पास आते हुए पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलियां चलानी आरम्भ कर दी । स्थिति का शीघ्रता से जायजा लेने के बाद यह निर्णय किया गया कि फार्म हाऊस के साथ वाले घरों की छतों पर एल० एम० जी० के साथ कार्मिक तैनात किए जाएं ताकि आतंकवादियों पर प्रभावकारी ढंग से गोलीबारी की जा सके । सैनिकों को आगे बढ़ते देखकर आतंकवादियों ने गोलियां चलानी आरम्भ कर दी परन्तु कांस्टेबल सिंह और कांस्टेबल यादव बहादुरी के साथ भीषण गोलियों का सामना करते रहे और दृढ़ निश्चय के साथ तथा अपनी जिन्दगी को बड़े जोखिम में डाल कर वे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे और घर की छत पर मोर्चा संभालने में सफल हो गये तथा वहां से आतंकवादियों पर एल० एम० जी० द्वारा प्रभावकारी ढंग से गोली-बारी की तथा आत्मसमर्पण करने के लिए उन पर दबाव डाला । लेकिन आतंकवादियों ने आंगन की दीवार के साथ सुरक्षित मोर्चा संभाल लिया जहां पर फ्लैट ट्रैजैक्ट्री हथियारों से गोली चलाने से कोई भी लाभ नहीं हो सका । इस स्थिति का कमांडेंट ने आतंकवादियों को शांत करने के लिए उन पर हथगोले फेंकने का निर्णय लिया । यद्यपि कांस्टेबल सिंह और यादव को यह कार्य को करने में होने वाले खतरे का पूर्ण आभास था फिर भी उन्होंने स्वयं को इस कार्य के लिए सौंपा तथा आंगन की दीवार पर एक-के-बाद-एक जल्दी-जल्दी हथगोले फेंके जिससे आतंकवादी घबरा गए और बचाव के लिए घर के अन्दर भाग गए । आतंवादियों को बचाव के लिए घर के अन्दर भागते देखकर उन पर चारों ओर से एल० एम० जी० द्वारा गोली चलाने का निर्देश दिया गया परन्तु इसके जवाब में खिड़कियों से भीषण गोली-बारी होने लगी । अंतिम प्रयास स्वरूप घर में विस्फोट करने का निर्णय लिया गया परन्तु इस दौरान कांस्टेबल सिंह और यादव कमांडेंट का निर्देश प्राप्त कर उस घर की छत पर पहुंच गए जहां आतंकवादी छिपे हुए थे तथा उन्होंने छत में छेद किया और वहां से 6 हथगोले अन्दर फेंकने में सफल हो गए परन्तु आतंकवादियों द्वारा उन पर जवाबी गोलीबारी की गई । इसके साथ-साथ एल० एम० जी० तथा अन्य स्वचालित हथियारों से आतंकवादियों पर गोलियां चलाई गई जिसके परिणामस्वरूप घर के अन्दर से होने वाली गोलीबारी रुक गई । कुछ समय बाद पूरी विस्फोटक कारवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कांस्टेबल सिंह और यादव घर घर में घुस गए और हमले के दौरान गोलीबारी में दोनो आतंकवादी मारे गए तथा मृतकों से बड़ी मात्रा में गोली-बारूद व शस्त्र बरामद किया गया । मारे गए आतंकवादियों की पहचान गुरमीत सिंह घड़ियाली तथा हरबंस सिंह उर्फ करम सिंह के रूप में की गई ।

इस मुठभेड़ में श्री पी० एन सिंह यादव कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(एक) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 सितम्बर 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1993

सं० 339 प्रेज-93—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पदक

श्री टी०के० कदतारे,
हैड कांस्टेबल,
75 बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री महावीर प्रसाद,
कांस्टेबल,
75 बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

गांव मोजियान में उग्रवादियों की गतिविधियों के बारे में प्राप्त सूचना पर 22 फरवरी, 1991 को एक संयुक्त अभियान की योजना बनायी गयी । श्री विश्वम्भर सिंह, पुलिस उप अधीक्षक के नेतृत्व में एक कम्पनी और सर्व/श्री टी०के० कदतारे, हैड कान्सटेबल और महावीर प्रसाद, कांसटेबल सहित 5 प्लाटूनें थाना बाखल में एकत्रित हुई और घेराबंदी और तलाशी के अभियान के बारे में उन्हें समझाए जाने के बाद, पुलिस कार्मिकों की 6 दलों में विभाजित किया गया और उन्होंने अपना-अपना मोर्चा सम्भाला और तलाशी अभियान शुरू किया गया । जब श्री विश्वम्भर सिंह अपने कार्मिकों के साथ, लगभग 11.30 बजे गुरुद्वारा की पश्चिमी दिशा में घर-घर की तलाशी ले रहे थे तो वे श्री सरदूल सिंह उर्फ काला मालवी के घर में पहुंचे और पाया कि वहां पर दो अन्य मकानों से जुड़ा हुआ एक कच्चा मकान है जिसके एक कमरे में ताला लगा हुआ था कुछ गलत बात का आभास होने पर उन्होंने दरवाजा तोड़ने की कोशिश की लेकिन ताला लगे कमरे के भीतर छिपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस दल पर नजदीक से अचानक अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी और हथगोले फेंके, जिसमें पंजाब पुलिस के दो कार्मिक घटनास्थल पर ही मारे गए जबकि श्री विश्वम्भर सिंह और एक अन्य नागरिक को गोली लगने से गम्भीर चोटें आयीं । इसी बीच गोलियों की आवाज सुनकर दूसरा पुलिस दल तुरन्त घटना स्थल पर गया और घर की घेराबंदी कर ली । आतंकवादियों ने कमरे के भीतर से पुलिस दल पर पुन अंधाधुंध गोलियां चलायी और पुलिस दल को रोके रखा । भारी गोलाबारी से बिचलित न होते हुए, पुलिस दल ने गोलियों का जबाब गोलियों से दिया लेकिन यह अधिक प्रभावकारी सिद्ध नहीं हुआ । गम्भीर रूप से जख्मी होने के बावजूद श्री सिंह, आतंकवादियों पर गोलियां चलाते रहे और

उनको भागने नहीं दिया और साथ ही साथ उन्होंने अपने कार्मिकों के जीवन की रक्षा भी की । आतंकवादियों द्वारा इतनी अधिक भारी गोलीबारी की जा रही थी कि वहां से न तो आगे बढ़ना संभव था और न ही जख्मी तथा मृत कार्मिकों को वहां से उठाना संभव था । इस स्थिति में श्री टी० के० कदतारे, हैड कांस्टेबल और महावीर प्रसाद, कांस्टेबल ने अत्यधिक साहस दिखाया और अपने जीवन के प्रति भारी खतरे की स्थिति में, भारी गोलीबारी में जख्मी श्री सिंह की तरफ रेंगते हुए गए और श्री सिंह को तथा अन्य मृत व्यक्तियों को बाहर निकालने में कामयाब हो गए । उसके बाद श्री सिंह तत्काल सिविल अस्पताल, झाबल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया । जल्दी से स्थिति का जायजा लिया गया और योजना के अनुसार श्री फोतेदार, श्री प्रसाद और अन्य कार्मिकों के साथ साहस के साथ उस मकान के छत पर गए जहां आतंकवादी छिपे हुए थे और उन्होंने छत पर छेद किया, लेकिन उन पर भारी गोलीबारी की गयी । इन कार्मिकों ने दृढ़तापूर्वक और अपने जीवन की रक्षा की परवाह न करते हुए छत पर छेद किए और तेजी के साथ कमरे में भीतर एक के बाद एक हथगोले फेंके, जिसके परिणामस्वरूप छत में आग लग गई और छत गिर गई । आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी अंततः बंद हो गयी और खोज करने पर वहां से दो शव पाए गए, जिनकी शिनाख्त बाद में, हरदीप सिंह, सेना का एक भगोडा, जो 100 से अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेवार था और पूरन सिंह, सेना का ही एक भगोड़ा के रूप में की गयी । मृतकों से दो मैगजीनों के साथ एक आई० ए० 7.62 स्वचालित राईफल, दो मैगनीजों के साथ एक ए० के० 74 राइफल, एक .30 पिस्तौल, एक एच० ई० 36 और अन्य शस्त्र तथा गोलाबारूद बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री टी० के० कदतारे, हैड कांस्टेबल और महावीर प्रसाद कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(एक) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 22 फरवरी, 1992 से दिया जा जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1993

सं० 40-प्रेज/93—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारीयों के नाम तथा पद

श्री पी० गिरीश,
कांस्टेबल,
76वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री यू० के० मण्डल,
कांस्टेबल,
76वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 17 मार्च, 1991 को पहुविंड से भीखीविंड जाने वाले कच्चे रास्ते से तीन आतंकवादी नागरिकों की हत्या करने के परोक्ष इरादे से आए । जब उन्होंने एक विशेष समुदाय के चार व्यक्तियों को खेत में काम करते हुए देखा तो आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से उन पर गोलियां चला दी, जिससे उनमें से एक गंभीर रूप से घायल हो गया । यह देखकर भीखीविंड के पुलिस उपअधीक्षक के घर पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने घर की छत से गोलियां चलाना आरम्भ कर दिया । गोलियों की आवाज सुनकर श्री राम पाल सिंह, पुलिस उप अधीक्षक, 76वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, तुरन्त अपनी एस्कोर्ट पार्टी सहित घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े और उन्होंने देखा कि आतंकवादी गांव पहुविंड की ओर दौड़ रहे हैं । वे गांव पहुविंड की ओर दूसरी ओर से दौड़े ताकि भागते हुए आतंकवादियों को घेरा जा सके । उन्होंने उस क्षेत्र को खेमकरण और खलरा की ओर से घेर लेने के लिए दूसरी पार्टी को भी आदेश दिया । पुलिस वाहनों को अपनी ओर आते देख कर आतंकवादियों ने अपना रास्ता बदलकर गांव भीखीविंड की ओर दौड़ना शुरू कर दिया । श्री राम पाल सिंह ने भीखीविंड स्थित चावल का छिलका उतारने वाली फैक्ट्री के निकट तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को निर्देश दिया कि वे अपनी तरफ से आतंकवादियों का रास्ता बंद कर दें । कमांडिंग आफिसर ने तुरन्त अपने जवानों को तैनात किया तथा अपनी ओर से क्षेत्र की घेरा बंदी कर दी । चारों ओर से घिरा हुआ पाकर आतंकवादियों ने खेत में मोर्चा ले लिया और घेरा डालने वाले दलों पर गोलीबारी करनी शुरू कर दी । उन्होंने पुलिस कार्मिकों पर स्टिक बम भी फेंके ।

श्री रामपाल सिंह, कांस्टेबल पी० गिरीश और यू० के० मण्डल सहित युक्ति सहित पूर्ण ढंग से एक आंतकवादी की ओर आगे बढ़े । जब वे तीनों और आगे बढ़ रहे थे तो दो कांस्टेबलों ने एक बचाव दल के रूप में उनके बचाव में गोली बारी की । आतंकवादियों के करीब पहुंचने पर सर्वश्री राम पाल सिंह, पी० गिरीश और यू० के० मण्डल ने आतंकवादी पर गोलीबारी की और उसे गेहूं के खेत में मार डाला । दोनों ओर से गोलीबारी होने के दौरान एक कांस्टेबल को दाहिने हाथ में कुहनी के निकट गोली लगी । यद्यपि, उसने अपने हथियार से कोई गोली नहीं चलाई थी परन्तु वह बचाव दल का सदस्य था ।

दो अन्य आतंकवादी खेत में मोर्चा सम्भाले हुए थे तथा शाम हो गई थी, इसलिए श्री रामपाल सिंह ने अपनी आक्रमण

पार्टी को निर्देश दिया कि वे गेहूं के खेत में अन्य आतंकवादियों की खोज करें । अपने दल सहित जब श्री रामपाल सिंह खेत में आगे बढ़े रहे थे तो उन्होंने गतिविधियां देखीं । पुलिस कार्मिकों को देखकर खेतों में छिपे आतंकवादियों ने आगे बढ़ते हुए कार्मिकों पर गोली चलानी आरम्भ कर दी । श्री रामपाल सिंह, कांस्टेबल पी० गिरीश और यू० के० मण्डल भीषण गोली बारी के बीच अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना फिर से रेंगकर आगे बढ़े और आतंकवादियों पर गोलीबारी की । जहां दो कांस्टेबलों ने, जो आक्रमण दल के पीछे-पीछे जा रहे थे, श्री रामपाल सिंह की आक्रमण पार्टी को आगे बढ़ने से सहायता पहुंचाने के लिए गोलीबारी करके सुरक्षा प्रदान की वहीं सर्व श्री रामपाल सिंह, पी० गिरीश और यू० के० मण्डल ने एक-एक करके कई बार अपना मोर्चा बदला और आतंकवादियों पर गोलाबारी की दोनों ओर से लगभग एक घंटे तक गोलीबारी होती रही उसके बाद, आतंकवादियों की ओर से गोलियां चलानी रुक गई । उस क्षेत्र की तलाशी के दौरान आतंकवादियों के दो और शव बरामद हुए । तीनों मृत आतंकवादियों की बाद में गुरजा सिंह, मुरमोज सिंह और मोजा और अवतार सिंह उर्फ काला के रूप में पहचान की गई । तलाशी के दौरान एक ए० के०-47 राईफल, एक माउजर, ए.के.-47 की दो मैगजीन, 2 स्टिक बम तथा बड़ी मात्रा में सक्रिय घटनास्थल से बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री पी० गिरीश और यू० के० मण्डल, कांस्टेबलों ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(एक) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 मार्च, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1993

सं० 41-प्रेज/93—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री सुरेन्द्र सिंह,
निरीक्षक,
62वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 31 जुलाई, 1991 को सूचना प्राप्त हुई कि खूंखार यादुविन्दर सिंह "यादू" के नेतृत्व में एक आतंकवादी दल ने सालीवाला के श्री बाज सिंह तथा मक्खू डिवीजन के फतेहगढ़ पंजतूड़ के श्री कुलदीप सिंह का अपहरण कर लिया है । सूचना प्राप्त होते ही तुरन्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिक स्थानीय पुलिस सहित आतंकवादियों के संभावित छिपने के ठिकाने, गांव बारा फूविंद की ओर रवाना हो गए संपूर्ण क्षेत्र गन्ने के खेतों वाला था, अतः यह निर्णय लिया गया कि संपूर्ण क्षेत्र को घेर लिया जाए तथा तलाशी अभियान चलाया जाए । श्री सुरिन्दर सिंह, निरीक्षक, ने उनमें से एक खोजी दल का नेतृत्व किया जिनको कि उन अत्यन्त कठिन 25 एकड़ गन्ने के खेतों की तलाशी लेने का कार्य सौंपा गया, जोकि आतंकवादियों के छिपने के स्थान, उनकी संख्या, गोलीबारी की क्षमता के बारे में बता दिया तथा पुलिस कार्मिकों का मार्ग दर्शन किया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजपुर, की सर्वोपरि कमांड के अधीन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को तलाशी का कार्य सौंपा गया जब कि सीमा सुरक्षा बल तथा स्थानीय पुलिस को घेरा डालने का कार्य सौंपा गया और पूरे बल को उचित तरीके से तैनात किया गया । दिनांक 1 अगस्त, 1991 को श्री सिंह के नेतृत्व के अधीन पुलिस दल का 13.30 बजे आतंकवादियों से मुकाबला हुआ और दोनों दलों के बीच भारी गोलीबारी हुई । आतंकवादियों ने पुलिस दल पर भीषण गोलीबारी करना जारी रखा और पुलिस का घेरा तोड़कर भाग जाने की जीतोड़ कोशिश की परन्तु श्री सिंह के दल के दृढ़ प्रयासों ने उनकी सभी कोशिशों को विफल कर दिया । सभी दिशाओं से आने वाले गोलियों का श्री सिंह ने स्वयं सामना किया और साहस तथा दृढ़-निश्चय के साथ अपने साथियों का नेतृत्व किया । वे स्वयं एक स्थान से दूसरे स्थान तक गए और अपने साथियों का हौसला बढ़ाते रहे तथा इस प्रक्रिया के दौरान एक आतंकवादी का सफाया करने में सफल हुए । जिस समय श्री सिंह एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा कर अपने साथियों का उत्साह बढ़ाते हुए गोलियों का सामना कर रहे थे तो दुर्भाग्यवश उनके दांए कन्धे में एक गोली लगी । खून बहते हुए भी उन्होंने अपना मोर्चा नहीं छोड़ा और आतंकवादियों की ओर से गोललीबारी होना बंद न हो जाने तक सामना करते रहे । इस मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादियों में से एक को मारने का श्रेय उनको है । मारे गए तीन आतंकवादियों की बाद में हरबंस सिंह, मस्सा सिंह और लक्ष्मन सिंह के रूप में शिनाख्त की गई । मृतकों से एक ए० के०-47 राईफल, एक स्प्रिंग फील्ड राईफल तथा एक 7.62 बी० ए० राईफल बरामद की गई ।

इस मुठभेड़ में श्री सुरिन्दर सिंह निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 31 जुलाई 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 42-प्रेज/93—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री वी० कोहन,
लांस नायक,
64वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 17 जनवरी 1992 को डी० कम्पनी के कांस्टेबल श्री वी० मोहन श्रीनगर के डल गेट पुल क्षेत्र के लिए एम० ए० पुल पर ड्यूटी पर तैनात थे । लगभग 12.15 बजे रजिस्ट्रेशन नं० जे० के० टी०-3268 वाली टैक्सी को सन्तरी ने रुकने का संकेत दिया । इसी क्षण टैक्सी के अन्दर से दो व्यक्तियों ने चिल्ला कर कहा कि उनका अपहरण किया जा रहा है तथा पुलिस दल को टैक्सी पर गोली नहीं चलानी चाहिए परन्तु इसी बीच उग्रवादी सचेत हो गये तथा सुरक्षा बलों द्वारा घिर जाने पर टैक्सी के अंदर से उन्होंने पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दी तथा बड़ी संख्या में वाहनों और सिविलियनों की गति-विधि का लाभ उठाकर टैक्सी से बाहर आ गए तथा गोलियां चलाते हुए श्रीनगर के गोल्फ कोर्स के साथ की गलियों की ओर भाग गए । इस पर श्री मोहन भागते हुए उग्रवादियों को देखकर अपनी निजी सुरक्षा की ओर बिल्कुल भी ध्यान दिए बिना उस उग्रवादी के पीछे भागने लगे जो पीछा करने वाले कांस्टेबल पर गोलियां चलाता हुआ दूर भाग रहा था । श्री मोहन उग्रवादी की गोलियों से विचलित हुए बिना उसके (उग्रवादी) पीछे भागे और अपनी राईफल से साहस के साथ उसे मार गिराया । उग्रवादी की बाद में गुलाम कादिर बावा उर्फ काडा हिज्बुल्लाह ग्रुप का जिला कमांडर के रूप में पहचान की गई जो अपहरण और गोलीबारी की कई घटनाओं में अन्तर्ग्रस्त था । इस वीरतापूर्ण कार्य और उग्रवादी की हत्या के परिणामस्वरूप अपहृत व्यक्ति नामतः श्री हंसराज कपूर तथा श्री राजेश कुमार प्रबंधक और खजांची आन्ध्र बैंक को रिहा कराया जा सका ।

इस मुठभेड़ में श्री वी० मोहन लांस नायक ने उत्कृष्ट वीरता साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 जनवरी 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 43-प्रेज 93—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री एच० एस० नेगी,
सैकण्ड-इन-कमांड,
75वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री लक्ष्मन राम,
हेड कांस्टेबल,
75वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री केशव बहादुर,
हेड कांस्टेबल,
75वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री महावीर प्रसाद,
लांस नायक,
75वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री राम निवास, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
75वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री सी० आर० मंजुनाथ,
कांस्टेबल,
75वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री जिले सिंह,
कांस्टेबल,
84वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

ढन्ड क्षेत्र के कुछ बेहकों में आतंकवादियों के छिपे होने के बारे में प्राप्त विशेष सूचना के आधार पर दिनांक 12 अक्तूबर, 1991 को एक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया । योजना के बारे में उपलब्ध बल को पर्याप्त तरह से विवरण देने के बाद अपने-अपने निर्धारित स्थानों के लिए रवाना हो गए तथा उन्होंने मोर्चे संभाल लिए । हेड कांस्टेबल लक्षमण राम के नेतृत्व वाली घेरा डालने वाली टुकड़ी ने एक बेहक की ओर भागते हुए कुछ आतंकवादियों को देखा और तीन सिविलियनों को उनकी तरफ भागते

हुए देखा । भागते हुए आतंकवादियों को देखते ही श्री लक्ष्मण राम ने तुरंत गोली चलाई और उनका पीछा करने लगे, अचानक हुई इस कार्रवाई से भयभीत होकर आतंकवादी पास के एक बेहक में घुस गए । इस बीच श्री एच० एस० नेगी, कमांडेंट, उस स्थान पर पहुंच गए और जोखिम की परवाह न करते हुए श्री लक्ष्मण राम खुले स्थान से होकर आगे आए और श्री नेगी को आतंकवादियों की सही स्थिति के बारे में बताया । श्री लक्ष्मण राम, श्री केशव बहादुर, हेड कांस्टेबल, तथा कुछ अन्य कार्मिकों सहित श्री नेगी बेहक की पिछली ओर बिल्कुल नजदीक गए और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा परन्तु आतंकवादियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दी जिसका जवाब श्री लक्ष्मण राम और श्री केशव बहादुर ने कमरे के अन्दर भारी गोलीबारी करके दिया, चूंकि आतंकवादी अच्छी प्रकार से आड़ लिए हुए थे अतः उन्हें किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया जा सका । स्थिति का आंकलन करते हुए श्री नेगी ने बेहक की छत में छेद करके अन्दर हथगोले फेंकने का निर्णय लिया जिसमें काफी जोखिम था । यद्यपि इस कार्य में काफी जोखिम था, श्री महाबीर प्रसाद, लांस नायक, केशव बहादुर, हेड कांस्टेबल और जिले सिंह, कांस्टेबल ने चुनौती को स्वीकारा और पिछली ओर की गारे की दीवार पर चढ़े और छत में छेद करने में सफल हो गए । आतंकवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी से विचलित हुए बिना दोनों बहादुर कार्मिक अपने प्रयास में सफल रहे और उन्होंने कमरे के अन्दर हथगोले फेंके जिसके परिणामस्वरूप एक कमरे में आग लग गई, और इस प्रक्रिया में एक आतंकवादी घायल हो गया जबकि अन्य दो साथ वाले कमरे में चले गए ।

इस बीच, स्थिति का लाभ उठाते हुए, श्री राजन अरोड़ा नामक अपहृत व्यक्ति हाथ ऊपर उठाकर बाहर दौड़कर आया और उसने इस बात की पुष्टि कर दी कि एक आतंकवादी घायल हो चुका है तथा अन्य साथ वाले कमरे में चले गए हैं । श्री नेगी अन्य साथियों के साथ तुरन्त गारे की दीवार पर चढ़े तथा उन्होंने कमरे के चार कोनों में छेद बना कर अन्दर हथगोले फेंके । आतंकवादियों ने छत पर चढ़े हुए पुलिस दल पर गोलियां चलाई परन्तु पुलिस कार्मिकों ने युक्तिपूर्ण ढंग से स्थान बदल कर गोलियों से अपना बचाव किया । श्री नेगी के अनुमान के अनुसार, आग लग जाने के कारण आतंकवादी कमरे में नहीं ठहर सके और पुलिस दल पर गोलियां चलाते हुए अचानक कमरे से बाहर दौड़ कर आए । परन्तु उनका सामना श्री नेगी और उनके साथियों से हुआ जिन्होंने आतंकवादियों पर गोलियों की बौछार करके उन्हें घटनास्थल पर ही मार डाला ।

अभी भी दाहिनी ओर के दो कमरों से आतंकवादियों को निकालना शेष था । अपनी जान को बड़े जोखिम में डालकर श्री प्रसाद बाईं ओर से चार दीवारी पर चढ़े और एक ए० के०–47 राइफल तथा एक .315 बोर की राइफल और आतंकवादियों के दो शव बाहर लाए जिनकी अमृत सिंह उर्फ गुरवेल सिंह उर्फ गहला और रणजीत सिंह उर्फ गुरदीप सिंह के रूप में पहचान की गई । चूंकि अब अंधेरा हो चुका था और कोई अतिरिक्त बल उपलब्ध नहीं था, अतः आगे के अभियान को स्थगित करके घेरेबंदी को सेना के सुपुर्द कर दिया गया । अगली सुबह अर्थात 13-10-91 को जल्दी ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सेना से कार्यभार लिया और त्रिलोचन सिंह के बेहक की तलाशी लेने पर घटनास्थल से एक ए-के–47 राइफल और गोला बारूद सहित भाई सरदूल सिंह हवलदार का आधा जला शव बरामद किया गया । चूंकि वह क्षेत्र काफी बड़ा था तथा उसमें धान, गन्ने और चेरी के खेत थे, अतः घेराबंदी सेना के सुपुर्द कर दी गई, जबकि पूरा ब्यौरा देने के बाद पुलिस दल को दो दलों में विभाजित कर दिया गया, तथा एक को नहर के पुल एईमा से ईंटों के भट्टे तक और दूसरे को भट्टे से ढन्ड तक तैनात कर दिया गया । पुलिस दल ने मोर्चे संभाल लिए और 0930 बजे तलाशी लेनी शुरू कर दी जिसका नेतृत्व श्री नेगी ने बीच में रहकर किया । करीब 11.25 बजे जिस समय खोजी/छानबीन दल विस्तृत पंक्ति में आगे बढ़ रहे थे तो धान के खेत में लेटकर छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर अचानक गोली चलाना शुरू कर दिया । पुलिस दल ने तुरन्त मोर्चा संभाला और जवाब में गोलियां चलाई । इस मौके पर, श्री रामनिवास ने, जो आतंवादियों के नजदीक थे, आतंकवादियों पर भारी गोलीबारी कर दी परन्तु आतंकवादियों ने श्री रामनिवास पर अचानक गोलियां बरसा दीं जिससे वह घातक रूप से घायल हो गए, परन्तु अपने घावों के बावजूद भी श्री रामनिवास वीरतापूर्ण ढग से बहुत करीब से लड़े और आतंकवादियों को घायल कर दिया । श्री मंजुनाथ, जोकि श्री रामनिवास की दाहिनी ओर थे, तुरन्त बांईं ओर मुड़े और श्री नेगी को बताया कि श्री रामनिवास बुरी तरह घायल हो चुके हैं । श्री रामनिवास की मृत्यु की जानकारी के बाद श्री नेगी ने साहस जुटाया और श्री मंजुनाथ, केशव बहादुर सहित (स्वर्गीय) श्री रामनिवास के करीब पहुंचने की कोशिश की तो उसी समय श्री रामनिवास से छीने हुए हथियारों से आतंकवादियों द्वारा भीषण गोलीबारी की गई । तुरन्त श्री नेगी ने श्री केशव बहादुर और श्री महाबीर प्रसाद सहित अन्य कार्मिकों को आदेश दिया कि वे आतंकवादियों पर भीषण गोलीबारी करें, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों की ओर से गोली चलनी बंद हो गई तथा तलाशी लेने पर बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोला बारूद सहित दो शव बरामद हुए जिनकी शेर सिंह उर्फ शेरा तथा गुरप्रीत सिंह उर्फ हरप्रीत सिंह उर्फ बाबला के रूप में पहचान की गई । इस मुठभेड़ में, जो लगभ दो दिनों तक चली, कुल मिला कर पांच आतंकवादी मारे गए ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री एच० एस० नेगी, सैकण्ड-इन-कमाण्ड, केशव बहादुर, हेड कांस्टेबल, लक्ष्मण राम, हेड कांस्टेबल, महाबीर प्रसाद, लांस नायक, श्री रामनिवास सी० आर० मंजुनाथ और जिले सिंह, कान्स्टेबलस, ने उत्कृष्ट

वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 12 अक्तूबर, 1991 से दिए जायेंगे ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 44-प्रेज/93—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद :

श्री प्रेमबीर सिंह राजोरा
सहायक कमांडेंट
10वीं बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री जय करण सिंह
हेड कांस्टेबल
10वीं बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 25 अगस्त, 1991 को लगभग 20.00 बजे श्री परमबीर सिंह राजोरा, सहायक कमांडेंट ने अपने कार्मिकों के साथ गांव लुधार और नाग खुर्द के मध्य लिंक रोड पर घात लगाई । श्री राजोरा ने घात लगाने वाली मुख्य पार्टी को एक्यूडक्ट लूधार मिनोर पर बने पुल पर तैनात किया और कट-आफ-ग्रुप को गांव कालेर मंगत से आने वाले पैदल पथ को जोड़ने वाले डिस्ट्रीब्यूटरी पुल पर तैनात किया । श्री जय करण सिंह, हेड कांस्टेबल के नेतृत्व में तीसरे ग्रुप को आतंकवादियों के पहुंचने के बारे में पहले सूचना देने के लिए तैनात किया गया । लगभग 21.15 बजे चेतावनी देने के लिए नियुक्त किए गए ग्रुप ने देखा कि स्कूटर पर सवार दो व्यक्ति कालेर मंगत की तरफ से आ रहे हैं और जब वे लगभग 20-25 गज की दूरी पर आ पहुंचे तो श्री जय करण सिंह ने स्कूटर पर सवार व्यक्तियों को ललकारा जिन्होंने अपने स्वचालित हथियारों से तत्काल गोलियां चलायी, और अपना स्कूटर वहीं छोड़ कर भागे और पास के धान के खेतों में मोर्चा संभाल लिया और पुलिस पार्टी पर गोलियां चलायी लेकिन पुलिस पार्टी ने प्रभावकारी ढंग से गोलियों का जवाब गोलियों से दिया । इसी दौरान गोलीबारी की आवाज सुनने पर श्री राजोरा, अपने और अपने कार्मिकों के जीवन के प्रति भारी जोखिम उठाते हुए युक्तिसंगत रूप से मुठभेड़ के स्थान पर गए तथा मोर्चा संभाला और स्थिति का जायजा लेने के बाद श्री जय करण को आतंकवादियों को उलझाये रखने का निदेश दिया और साथ ही उन्होंने अन्य कार्मिकों को धान के खेत को अन्य दिशाओं से घेरने के लिए तैनात किया लगभग 10-12 मिनट के बाद आतंकवादियों की तरफ से गोलीबारी बंद हो गयी । श्री राजोरा ने तत्काल स्थिति का मुल्यांकन किया और श्री जय करन के साथ सलाह करके धान के खेत में छिपे आतंकवादियों को बाहर निकालने की योजना बनायी । आतंकवादियों ने, जो अब तक शांत थे, श्री राजोरा और श्री जय करण को अपनी तरफ बढ़ते हुए, देखकर अचानक उन पर गोलियां चला दी । दोनों बहादुर व्यक्तियों ने तत्काल भूमि पर मोर्चा संभाला और पूरी दृढ़ता और उत्साह के साथ रुक-रुक कर गोलियां चलाते हुए, आतंकवादियों पर लगातार नजर रखते हुए और रेंगते हुए आगे बढ़कर अपनी स्थिति बदलते हुए आतंकवादियों को उलझाए रखा ।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए श्री राजोरा ने कुमुक की मांग की, जो घटनास्थल पर पहुंच गयी । आतंकवादियों की स्थिति का पता लगाने के लिए ऊपर से रोशनी करने वाले बम दागे गए । आतंकवादियों की वास्तविक स्थिति का पता लगने पर, श्री राजोरा और श्री जय करण बेहतर मोर्चा लेने के लिए रेंगते हुए आगे बढ़े लेकिन जैसे ही उन्होंने आगे बढ़ना शुरू किया आतंकवादियों ने अपने स्वचालित हथियारों से गोलियों की बौछार पुनः शुरू कर दी लेकिन दोनों व्यक्ति भारी गोलीबारी के बावजूद विचलित हुए बगैर आगे बढ़ते रहे। दोनों बहादुर व्यक्ति अंततः आतंकवादियों के मोर्चे के नजदीक पहुंच गए और उन्होंने भारी गोलीबारी करके अपनी मेगजीन आतंकवादियों पर खाली कर दी । इसी दौरान बुलेट प्रुफ ट्रेक्टर पहुंच गए; जिनकी मदद से श्री राजोरा और श्री जय करण तलाशी के लिएं खेत में गए तलाशी के दौरान एक आतंकवादी को मृत पाया गया जिसके हाथ में एक ए० के०-47 राईफल थी और लगभग 3.30 बजे तलाशी का कार्य सुबह होने तक के लिए स्थगित कर दिया गया जबकि पुलिस दल ने रात भर निगरानी रखी ।

सुबह और अधिक बल के पहुंचने पर धान के खेत में दूसरे आतंकवादी की तलाशी की गयी । आतंकवादी को धान के खेत के दूसरे किनारे पर छिपा पाया गया और उसे आत्म समर्पण करने के लिए ललकारा गया लेकिन आत्म समर्पण करने के बजाय आतंकवादी ने अपनी रिवाल्वर श्री जय करन पर, जो आतंकवादी के नजदीक था, गोली चला दी और वह बाल-बाल बचे लेकिन इससे पहले कि आतंकवादी दूसरा प्रयास करता श्री जय करण ने अपनी स्टेनगन से उस पर गोली चलायी और उसे शांत कर दिया । कुल मिलाकर दो आतंकवादी मारे गए जिनकी शिनाख्त बाद में जगतार सिंह जग्गा उर्फ धमाका स्वयंभू लेफ्टिनेंट जनरल और के० एल० ओ० का उप-प्रमुख "वाहि गुरू" के बाद (जिस पर 40,000 रुपये का इनाम था) और बलबीर सिंह उर्फ धीरा जो एक कुख्यात आतंकवादी था, के रूप

में की गयी। मृतक से एक बजाज चेतक स्कूटर एक ए० के०–47 राईफल, एक 12 बोर डी० बी० बी० एल० गन, एक .38 बोर रिवाल्वर, एक वाकमेन कैसट प्लेयर और अन्य वस्तुएं और गोला बारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री पी० एस० राजोरा, सहायक कमांडेंट और जय करन सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कतर्व्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 25 अगस्त 1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 45–प्रेज/93—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सुनील मोचारी
कांस्टेबल
10वीं बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 11 सितम्बर, 1991 को श्री रती राम, डिप्टी कमांडेंट (आपरेशंस) के अधीन, गांव बग्गा और रामदीवाली में आतंकवादियों को, उनके छिपने के संदिग्ध ठिकानों से पकड़ने के लिए गांव भीलोवाल में एक संयुक्त आपरेशन शुरू किया गया जहां उन्होंने श्री भानुप्रताप सिंह, सहायक कमांडेंट के साथ अभियान का निर्देशन किया। श्री रती राम ने अपने दल को बेहक के पास के तिराहे पर रुकने का आदेश दिया और दल को तीन समूहों में बांटा, जिसमें से एक समूह को बेहक की तलाशी लेने, दूसरे को निकटवर्ती पंप हाउस की तलाशी लेने का आदेश दिया और तीसरा समूह वाहनों के पास रहा। इसी समय एक उम्रदराज सिख को, जिनकी पहचान बाद में संतोख सिंह सरपंच के रूप में की गई, ट्रेक्टर से कीनू के निकटवर्ती बाग की ओर भागते हुए देखा गया। यह सूचना पर श्री रती राम ने तुरन्त ही स्थिति का तेजी से जायजा लिया और श्री भानू प्रताप सिंह को बाकी कर्मियों को तैनात करने का निर्देश देकर वे स्वयं बिना समय बरबाद किए उस दिशा की ओर खेतों में दौड़े जिधर आतंकवादी ने पोजीशन ली हुई थी। श्री रती राम और श्री भानू प्रताप सिंह को, जो खेतों में घुसे थे, चार चारपाइयां, कपड़े और पकाया हुआ भोजन मिला और इस बात की पुष्टि हो गयी कि शीतल सिंह मत्तेवाल गिरोह ने वहां भोजन किया था। श्री रती राम ने फिर से स्थिति का जायजा लिया और उत्तरी दिशा की ओर बढ़े जहां पर श्री बी० पी० सिंह और श्री एन० के० दास ने अन्यों के साथ पहले ही मोर्चा संभाला हुआ था। इस पर श्री रती राम दक्षिण पूर्व दिशा में बढ़े, उपलब्ध कर्मियों को तैनात किया और उसी समय और बल मंगाने के लिए संदेश भेज दिया। श्री आर० के० गोड़ कमांडेंट जिन्होंने संदेश प्राप्त किया था, तुरन्त ही, उपलब्ध बल के साथ घटनास्थल की ओर चल पड़े। इस बीच श्री रती राम ने चतुराई से उपलब्ध बलों को तैनात करके संपूर्ण क्षेत्र को घेर लिया था और आतंकवादियों को बचकर भागने नहीं दिया। जब पुलिस दल पूरी तैयारी के साथ आतंकवादियों की ओर में किसी गतिविधि के इंतजार में डटा हुआ था तो कांस्टेबल एन० के० दास ने एक आतंकवादी को गन्ने के खेत से बाहर आते और भागने की कोशिश करते हुए देखा लेकिन चौकस कांस्टेबल ने तुरन्त ही प्रतिक्रिया में गोली चलायी और आतंकवादी को मार गिराया परन्तु गन्ने के खेतों में छिपे हुए अन्य आतंकवादियों ने तुरन्त ही कई स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की। श्री एन० के० दास, कांस्टबल ने अपने जीवन का खतरा उठाते हुए भी गोलियों के समक्ष साहसपूर्वक एक ओर से मोर्चा संभाला हुआ था जबकि श्री रती राम और श्री भानू प्रताप सिंह, अन्य दो छोर संभाले हुए थे और इस प्रकार आतंकवादियों को भाग निकलने से रोके हुए थे। इसी बीच बुलेटप्रूफ ट्रेक्टरों के साथ और कुमुक आ गयी और श्री रती राम तथा श्री बी० पी० सिंह एक मिनट भी बरबाद किए बिना ट्रेक्टरों पर चढ़े और छिपे हुए आतंकवादियों की खोज शुरू कर दी। तलाशी के दौरान उन्होंने एक उग्रवादी को मोर्चा संभाले हुए देखा और तुरन्त गोली चलाकर उसे मार डाला। कुछ और ट्रेक्टरों के पहुंचने पर श्री गौड़ ने श्री रती राम और श्री बी० पी० सिंह के साथ एक बार पुनः स्थिति का जायजा लिया तथा छिपने के स्थानों पर छापा मारने के लिए विभिन्न दलों को ट्रेक्टर आबंटित किए। श्री बी० पी० सिंह, जो एक दल का नेतृत्व कर रहे थे, सीधे आतंकवादियों के मोर्चे की तरफ गए लेकिन उनके ट्रेक्टर पर गोलियां चलायी गयी और इस दौरान श्री सिंह की दाहिनी जांघ पर एक गोली लगी जबकि उनकी कलाई और बायीं हथेली गोलियों से छिल गई। लेकिन छापा अभियान तब तक जारी रहा जब तक उन्हें चिकित्सा उपचार के लिए ले जाया नहीं गया।

यह क्षेत्र बहुत बड़ा था और अंधेरा होने लगा था। सर्चलाइटों और वाहनों की रोशनियों से पूरे क्षेत्र में रोशनी की गई और आतंकवादियों द्वारा भागने के लिए बार-बार किए गए प्रयासों को रोका गया तथा सुबह होने तक उनको रोके रखा गया। 12 सितम्बर, 1991 को सुबह श्री गौड़ ने स्थिति का पुनः जायजा लिया और खेतों की पुनः तलाशी लेने/छापा मारने का आदेश दिया। लगभग 1400 बजे श्री गौड़ पर, जिन्होने ट्रेक्टर में मोर्चा [illegible] था

भारी गोलीबारी की गई लेकिन इससे विचलित हुए बिना उनके दल ने आतंकवादियों की गोलियों का मुकाबला किया और उन्हें शांत कर दिया । श्री सुनील मोचारी, कांस्टेबल जो रात की घेराबंदी के दौरान एक छोर पर तैनात थे, पर अचानक बार-बार हमला हुआ लेकिन वे विचलित हुए बिना डटे रहे और उन्होंने आतंकवादियों को भागने नहीं दिया तथा इस प्रक्रिया में उनकी छाती पर गोली लगने से वे जख्मी हो गए, लेकिन डटे रहे और आतंकवादियों पर नजर रखे रहे ।

उक्त मुठभेड़ में कुल मिलाकर पांच कुख्यात आतंकवादी मारे गये । जिनकी शिनाख्त बाद में शीतल सिंह मत्तेवाल, तरसेम सिंह, गुरनाम सिंह, गुरदयाल सिंह और गुरमुख सिंह के रूप में की गई और घटनास्थल से बड़ी मात्रा में शस्त्र एवं गोलाबारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में कांस्टेबल श्री सुनील मोचारी ने अदम्य वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 11 सितम्बर 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1993

सं० 46-प्रेज/93—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री जुगल किशोर जोशी,
उप-निरीक्षक,
13वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

श्री जुगल किशोर जोशी, उप-निरीक्षक, दिनांक 27 जुलाई, 1991 को बोलेवार्ड डलगेट रोड पर जब केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 13 वीं बटालियन के विशेष टास्क बल के साथ गश्त ड्यूटी पर थे तो उन्होंने करीब 1030 बजे दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में रैनवाड़ी की ओर नाव चला कर जाते देखा । श्री जोशी ने तुरन्त उन्हें ललकारा पर अपना परिचय देने के लिए कहा परन्तु संदिग्ध व्यक्तियों ने अपना परिचय देने के बजाय डल झील के पास खड़े विशेष टास्क बल के समूह पर गोलियां चलानी आरंभ कर दी । श्री जोशी ने बहुत सूझ-बूझ का परिचय देते हुए मोर्चा संभाला और जवाबी गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप एक उग्रवादी घायल हो गया और नाव में ही गिर गया जब कि दूसरा आतंकवादी, जिसे भी गोली लगी थी, नाव से बाहर कूद पड़ा और तैर कर पास में खड़ी हाऊस बोट में चढ़ गया । इस उद्देश्य से कि दूसरा आतंकवादी जो घायल हो चुका था और उस समय नाव में मौजूद था, कहीं भाग न निकले, श्री जोशी झील में खड़ी एक अन्य छोटी नौका में सवार होकर उस नाव की ओर रवाना हो गए जिसमें उग्रवादी लेटा हुआ था, परन्तु जैसे ही श्री जोशी उस नाव के करीब पहुंचे, तो वे यह देखकर भौचक्के रह गये कि उग्रवादी ने एक पिस्तौल से उन पर गोली चलाने का प्रयास किया । इस समय श्री जोशी ने अत्यन्त तेजी के साथ प्रतिक्रियास्वरूप कार्रवाई की तथा उग्रवादी पर गोली चलाई और इस बार उसे मार गिराया । मृत उग्रवादी की बाद में मेहराजुद्दीन खान उर्फ सद्दाम हुसैन उर्फ दीन कवाली के रूप में पहचान की गई । उसकी अन्य कई हत्या, इत्यादि के मामले में तलाश थी ।

इस मुठभेड़ में श्री जुगल किशोर जोशी, उप-निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 27 जुलाई, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1993

सं० 47-प्रेज/93—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सतनाम सिंह
कांस्टेबल
36वीं बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 27 जुलाई, 1991 को लगभग 1145 बजे सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने तहलीवाला, अमृतसर के निवासी श्री बलबीर सिंह का अपहरण कर लिया है और वे अजीत नगर में एक तीन मंजिले मकान में ठहरे हुए हैं । सूचना मिलते ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिक सिविल पुलिस के साथ उस क्षेत्र की ओर चल पड़े और अपहृत व्यक्ति को छुड़ाने के लिए उस मकान को घेरने की योजना बनाई । मकान को सभी दिशाओं से घेरने और आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए, बाहर जाने के सभी रास्तों को सील करने के बाद माईक से आतंकवादियों से बाहर आने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन ऐसा करने के बजाय आतंकवादियों ने घर के अन्दर से पुलिस पार्टी पर गोलियां चलानी आरंभ कर दी । पुलिस पार्टी ने जवाबी गोलियां चलाई और आतंकवादियों से बार-बार समर्पण करने के लिए कहा लेकिन वे अविचलित होकर पुलिस कर्मिकों पर गोलियां चलाते रहे, जो बाहर खुले में थे, जबकि

आतंकवादियों ने घर में अच्छी प्रकार मोर्चा संभाला हुआ था। मोर्चाबंदी दल द्वारा की जा रही गोलीबारी प्रभावी सिद्ध नहीं हो रही थी। यह महसूस करने पर कि गोलीबारी प्रभावी सिद्ध नहीं हो रही है, यह निर्णय किया गया कि आतंकवादियों को बाहर खदेड़ने के लिए हथगोले फेंके जाएं और घर पर छापा मारा जाए। हथगोले फेंके जाने के परिणामस्वरूप, आतंकवादियों की तरफ से गोलीबारी बंद हो गई और यह सुनिश्चित करने के लिए कि आतंकवादी समाप्त हो गए हैं, घर पर छापा मारने का निर्णय लिया गया। श्री सतनाम सिंह, कांस्टेबल और पंजाब पुलिस का एक कार्मिक स्वचालित हथियारों के साथ घर में घुसे, और अत्यधिक साहस के साथ उन्होंने भूतल के कमरों की तलाशी ली और जब वे प्रथम तल में प्रवेश करने लगे तो वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी लेकिन श्री सतनाम सिंह और उसके साथी ने मोर्चा संभाला और आतंकवादी को मार गिराया। श्री सतनाम सिंह ने अदम्य साहस का परिचय दिया और अपने जीवन को जोखिम में डालते हुए मुकाबले के लिए आगे-आगे चलकर आतंकवादियों की गोलियों का सामना किया और आतंकवादी को मार गिराया जिसकी शिनाख्त बाद में "फोजे खालिस्तान" के निरबैर सिंह के रूप में की गयी और उससे गोला बारूद के साथ एक ए०के०-47 राइफल बरामद की गई। अपहृत व्यक्ति, जसबीर सिंह को सही सलामत रिहा कराया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री सतनाम सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 27 जुलाई, 1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 48-प्रेज/93—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री रन सिंह
हैड कांस्टेबल
70 वीं बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 4 अक्तूबर 1991 को के०सी०एफ० (जफरवाल) गुट के दुर्दान्त स्वयंभू लेफ्टिनेंट जनरल कारज सिंह और उसके गिरोह की गतिविधि के बारे में सूचना प्राप्त होने पर श्री ए०के० बेहड़ा डिप्टी कमांडेंट ने मारी मेघा, मारी उदोके और दर्ज के गावों के फार्म हाऊसों पर छापा मारने के एक विशेष अभियान की योजना बनाई। सिविल पुलिस के साथ उपलब्ध बल को तीन दलों में बांटा गया। 1630 बजे जब तलाशी अभियान जारी था तो सचल गश्ती दल को मेजर बाबा रोड़े शाह पर आतंकवादी ग्रुप की उपस्थिति के बारे में सूचना मिली तो गश्ती दल को अपनी ओर आता देखकर वहां से भाग गया और चुग गांव के पास स्थित श्री सार्दूल सिंह के फार्म हाऊस में शरण ली। दूसरे स्थान पर तलाशी अभियान में लगे श्री बेहड़ा को उपर्युक्त सूचना प्राप्त हुई और वे अपने कार्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए तथा देखा कि आतंकवादी फार्म हाऊस में छिपे हुए हैं और पुलिस दल पर गोली चला रहे हैं जबकि पुलिस दल भी पास स्थित छतों पर से गोलीबारी का जवाब दे रहा था। यद्यपि आतंकवादी उत्तरी दिशा की ओर से घिरे हुए थे लेकिन अन्य तीनों दिशाओं से उनके भाग निकलने के पर्याप्त अवसर थे, जबकि आतंकवादी भागने के लिए अंधेरा होने का इंतजार कर रहे थे। स्थिति को भांपकर श्री बेहड़ा ने घेरे बंदी को और सख्त कर दिया और श्री नन्द लाल कमांडेंट को कुमुक के लिए सूचना भेज दी जिन्होंने अंधेरा होने का खतरा होने के बावजूद अपने जीवन के प्रति खतरा मोल लिया और घटनास्थल पर पहुंचे तथा स्थिति का तेजी से जायजा लिया। श्री बेहड़ा तथा श्री लाल स्वचालित हथियारों की गोलियों के समक्ष भी घेरे बंदी को मजबूत करने के लिए रेंगते हुए चारों ओर गए तथा घेराबंदी को एक दम संपूर्ण बनाने और आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए उन्होंने सभी बुलेट प्रूफ वाहनों को घर के चारों ओर खड़ा करवा दिया और घर को अच्छी तरह प्रकाशित रखा। इसी बीच बचकर भागने के असफल प्रयास में आतंकवादियों ने ट्रांसफार्मर को उड़ा दिया और इस प्रकार सारे क्षेत्र में घुप अंधेरा कर दिया। नवीनतम स्थिति का जायजा लेने के बाद श्री लाल ने छापा मारने के काम को अगली सुबह तक के लिए स्थगित करने लेकिन घेरे बंदी को वैसा ही बनाए रखने का निर्णय लिया।

अगली सुबह जल्दी ही श्री लाल स्थिति का जायजा लेने के बाद और आतंकवादियों को जिन्दा या मुर्दा पकड़ने का पूर्णतः निश्चय करके एक बुलेट प्रूफ ट्रेक्टर पर चढ़ गए और अपने जीवन को गभीर खतरे में डालते हुए मुख्य द्वार तक गए, वाहन से उतरे और घर का बाहर से पूरी तरह निरीक्षण किया। मकान के अन्दर से उन पर भारी गोलीबारी की गई। श्री लाल ने दूसरे बुलेट प्रूफ ट्रेक्टर की मांग की जो कि वहां पहुंचने पर पार्किंग क्षेत्र में पार्क कर दिया गया। यह पार्किंग क्षेत्र कुछ दूरी पर था और वाहन की तरफ बढ़ने पर किसी को क्षेत्र से भारी गोलीबारी हो सकती थी लेकिन श्री बेहड़ा ने खतरे और परिणामों की परवाह न करते हुए उस दूरी को पार किया और सौभाग्यवश गोलीबारी से बच गए। श्री लाल और श्री बेहड़ा एक-एक ट्रेक्टर पर बैठ गए और उन्होंने फार्म हाऊस के पश्चिमी तथा उत्तर पूर्व कोनों पर पोजीशन ले ली और मकान पर भारी गोलीबारी की लेकिन इससे कोई विशेष परिणाम नहीं निकला। दूसरे उपाय के रूप में मकान के अन्दर हथगोले डालने का निर्णय लिया गया लेकिन इसके लिए किसी को छत के ऊपर चढ़ने उसमें छेद करने और कमरों के अन्दर हथगोले फेंकने का साहस दिखाने की जरूरत थी। श्री रन सिंह हैड कांस्टेबल एक अन्य पुलिस कर्मी के साथ असाधारण वीरता और साहस का परिचय देते हुए छत पर चढ़े और उन्होंने छत पर छेद करना

शुरू कर दिया जिससे उन पर गोलियों की बौछार हुई लेकिन बहादुर पुलिस कर्मियों ने युक्तिपूर्वक गोलियों से अपने को बचाया और वे प्रत्येक कमरे में हथगोले फेंकने में कामयाब हो गए। इससे प्रत्याशित परिणाम निकला और आतंकवादी तेजी से गोली चलाते हुए भाग कर बाहर आए लेकिन वहां उनका सामना श्री लाल और श्री बेहड़ा से हुआ जो वहां पहले से ही पोजीशन लिए हुए थे और उन्होंने आतंकवादियों के अगले कदम का पहले ही अनुमान लगा लिया था। श्री लाल ने एक आतंकवादी को मार डाला जो पश्चिमी दिशा के एक कमरे से निकला था जबकि श्री बेहड़ा ने एक अन्य आतंकवादी को मार डाला जो कि पूर्वी दिशा से आया था। यह सुनिश्चित करने के बाद कि अन्दर कोई जीवित नहीं है उस क्षेत्र की पूरी तरह तलाशी ली गई और चार शव बरामद किए गए जिनकी पहचान बाद में कारज सिंह अमरजीत सिंह उर्फ बब्बू केवल सिंह और गुरमेल सिंह के रूप में की गई। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोली बारूद भी बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री रन सिंह, हैड कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 4 अक्तूबर, 1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी 1993

सं० 49-प्रेज/93—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक क्रमवार प्रदान करते हैं :—

आधिकारियों का नाम तथा पद

श्री डी० ए० धनंयास,
कमांडेंट,
66 बटालियन,
केन्द्रीय रिजव पुलिस बल।

श्री वी० वी० सिंह,
उप-कमांडेंट,
66 बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 2 सितम्बर 1991 को श्री वी० वी० सिंह उप-कमांडेंट (आप०) को सूचना प्राप्त हुई कि करीब 1230 बजे 9-10 आतंकवादीयों का एक समूह पुलिस की वर्दी में एक स्वराज माजदा सं० शे० पो०-02-95113 में कामरेड स्वर्ण सिंह उर्फ टीटू जिन्हें सशस्त्र गार्ड दिया गया था के चोके गांव स्थित घर पर, दिए गए हथियारों के निरीक्षण के बहाने आए और .303 की 6 राइफलें एक 7.62, की ए०राइफल तथा एक स्टेनगन के साथ-साथ कामरेड स्वर्ण सिंह को भी अपने साथ ले गए। सूचना प्राप्त होने के तुरन्त बाद श्री वी० वी० सिंह अपने एस्कार्ट तथा सिविल पुलिस के साथ आतंकवादियों का पीछा करते हुए गए। करीब 1600 बजे यह पाया गया कि आतंकवादियों ने जसवन्त सिंह के फार्म हाऊस के पास अपना वाहन छोड़ दिया था। इस सुराग के आधार पर श्री वी० वी० सिंह ने निकटवर्ती गन्ने/धान के खेतों की तलाशी का निश्चय किया लेकिन जैसे ही उन्होंने खेतों की तलाशी शुरू की, छिपे हुए आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोली चलाई। श्री सिंह ने विचलित हुए बिना तथा परिणामों की परवाह किए बिना भारी गोलीबारी के बीच अपने बल का नेतत्व किया और गोली बारी का जवाब देकर आतंकवादियों को रोके रखा। इसी बीच श्री डी० ए० धनंजैयाम कमांडेंट कुमुक लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए, उन्होंने तत्काल स्थिति का जायजा लिया और नियंत्रण संभाल लिया। इलाके को घेरकर उन्होंने श्री सिंह को गन्ने के खेत के और अधिक नजदीक जाने और हथगोला फेंकने के लिए कहा जिसके प्रभाव से छिपे हुए आतंकवादी जान बचाने के लिए भागने लगे और इसी भगदड़ में कामरेड स्वर्ण सिंह भी बच कर भाग निकले। 3-9-1991 को करीब 0345 बजे श्री धनंजैयास और श्री सिंह के अधीन पुलिस दल पर अचानक ही आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी लेकिन साहसी अधिकारियों ने जवाब में गोली चलाई जबकि श्री सिंह ने हथगोले फेंके और उनके बचकर भागने के प्रयास को नाकाम कर दिया। कुछ समय बाद आतंकवादियों ने फिर एक और आत्मघाती प्रयास किया लेकिन इस समय यह प्रयास नहर की ओर किया गया था परन्तु इस बार भी उनके प्रयासों को श्री बजरंगी धर दूबे और उनके कार्मिकों ने नाकाम कर दिया और इस प्रक्रिया में श्री दूबे अपनी जान के प्रति गंभीर खतरा उठाते हुए आगे बढ़े और एक आतंकवादी को मार गिराया और उससे एक .303 राइफल बरामद कर ली। करीब 0630 बजे गन्ने के खेतों की तलाशी के लिए बुलेटप्रूफ ट्रैक्टरों का प्रयोग करने का निश्चय किया गया लेकिन ट्रेक्टर कीचड़ में धंस गया जबकि ट्रेक्टरों को देखकर आतंकवादियों ने अपना मोर्चा धान के खेतों में बदल लिया। धान के खेतों की तलाशी के लिए श्री सिंह के नेतृत्व में एक तलाशी दल तैनात किया गया। जब तलाशी जारी थी तो श्री सिंह और कांस्टेबल अब्दुल ब्लास जो कि आगे-आगे थे, पर एकदम नजदीक से दो आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की और स्टिक बम भी फेंके लेकिन वे चमत्कारित ढंग से बच गए और पूरी ताकत तथा साहस के साथ दोनों आतंकवादियों पर गोली चलाकर उन्हें मार डाला तथा उनसे .303 की 2 राइफलें, एक 7.62 राइफल तथा दो थैले हथगोले बारूद के बरामद किए। चूंकि ये टुकड़ियां करीब 40 घंटे से बिना भोजन के बाहर ड्यूटी पर थी इस लिए उन्होंने रात्रि सन्तरी ड्यूटी सीमा सुरक्षा बल को स्थानांतरित करने और अगली सुबह पूरे उत्लाह से वापस आने तथा धान के खेतों की तलाशी फिर शुरू करने का निर्णय लिया। जैसे ही तलाशी फिर शुरू हुई कांस्टेबल सुधाकरन नायर और उसकी टुकड़ी के साथ श्री धनंजैयास पर भारी गोलीबारी हुई लेकिन उन्होंने चतुराई

से तथा रेंगते हुए अपने आप को गोलियों से बचाया। इसी बीच श्री वी० वी० सिंह और उनके दल ने विपरीत दिशा से आतंकवादियों के नजदीक आना प्रारंभ कर दिया। पुलिस दल को नजदीक आता देख कर आतंकवादियों ने निकटवर्ती खेतों में तितर-बितर होना शुरू कर दिया और साथ ही साथ गोली चलाते रहे और स्टिक बम फेंकते रहे। कांस्टेबल सुधाकरन नायर हरपाल सिंह तथा कांस्टेबल आर० के० पाटिल के साथ श्री धनंजैयास ने एस० एल० आर० से फायर करते हुए एक आतंकवादी का सामना करके उसे गोली चलाकर मार डाला और उसकी एस० एल० आर० ले ली। मृत आतंकवादी की पहचान डा० सतनाम सिंह उर्फ सत्ता स्वयंभू लेफ्टिनेंट जनरल पी० टी० के० एफ० के रूप में हुई जिसको पकड़ने के लिए 5 लाख रु० का इनाम था। अन्तिम हमले के रूप में गन्ने के खेत पर धावा बोलने का निर्णय लिया गया तथा कांस्टेबल पाटिल आर० के० और कांस्टेबल हरपाल सिंह के साथ भी धनंजैयास और श्री सिंह एक ऐसे स्थान पर रेंगकर पहुंच गए जहां से उन्हें धावा बोलना था। लेकिन आतंकवादियों ने पुलिस दल पर अंधाधुन्ध गोली बारी की परन्तु इससे विचलित हुए बिना पुलिस दल ने जवाबी गोली बारी की और कई हथगोले फेंके तथा इस प्रकार आतंकवादियों को शांत करने में सफल हो गए। अब आतंकवादियों की ओर से गोली बारी बन्द हो गई तो तलाशी ली गई। अलग-अलग स्थानों पर तीन शव पड़े हुए पाए गए। इस मुठभेड़ में जो करीब तीन दिन अर्थात् 2-9-1991 से 4-9-1991 तक चली, कुल मिलाकर 7 आतंकवादी मारे गए थे और उनसे .303 की 8 राइफल, 7.62 की एक राइफल एक एम० एल० आर० एक वायरलैस सैट तथा भारी मात्रा में गोली बारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री धनंजैयास, कमांडेंट तथा वी० वी० सिंह, उप-कमांडेंट ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(एक) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 सितम्बर, 1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1993

सं० 50-प्रेज/93—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक क्षमवार प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री हरपाल सिंह,
कांस्टेबल,
66वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

